तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 8.2 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025



12 रेलवे अधिग्रहण प्रभावित किसानों का बड़ा विरोध





14 नवनिर्मित सड़क एवं इंडोर स्टेडियम का किया निरीक्षण






## खबर संक्षेप

### नशीली दवाओं के साथ 6 आरोपी गिरफ्त में



**भिलाई।** नशीली दवाओं के साथ 6 आरोपी युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्श्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नशीली दवाओं का अवैध कारोबार करने की जानकारी दादर में बेचने की मिली थी। दबिश देकर भिलाई तीन पुलिस ने दादर चरोदा निवासी कमल किशोर उर्फ भीम, संगम चौक चरोदा भिलाई तीन चंद्रकांत साहू उर्फ पटवारी को पकड़ा गया। जिसके पास से तीन मोबाईल, नशीली दवाई 840 नग जब्त किया गया। जिसकी कीमत 3.36 लाख रुपए आंकी गई। जांच में पता चला कि आरोपी कमल, चंद्रकात अन्य साथीगण राजीव नगर, जोन 02, बीएम.वाय चरोदा निवासी नितेस दास , सूरज नगर जी केबिन मनीष राज, रामनगर शीतला पारा रायपुर पारस साहू, कबीर नगर चरोदा अब्दुल तसलीम के द्वारा अवैध प्रतिबंधित नशीली दवा खरीदना बेचना स्वीकार किया।

### कार से स्टंट करते तीन चालकों पर हुई कार्रवाई



**भिलाई।** कार में स्टंट करने वाले तीन चालको के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने चालानी कार्रवाई की है। घटना 10 दिसंबर की रात की है। स्टंटबाजों ने लाइन से तीन कार से सेंट्रल ऐवन्यू पर रैली निकाली थी। सभी कारों के गेट खोलकर गाड़ी चलाने और गेट पर बैठकर वीडियो बनाया। वीडियो को एक छात्र नेता ने सोशल मीडिया पर अपलोड भी किया था। ट्रैफिक पुलिस ने 11 दिसंबर को चालको के खिलाफ कार्रवाई किया। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक 9 दिसंबर को सोशल मीडिया और कंट्रोल रूम के माध्यम से पुलिस को वीडियो मिला। वीडियो में तीनों वाहन चालक अपनी कार की खिड़कियों से बाहर झुककर तेज रफ्तार में स्टंट करते दिख रहे है। जिससे न सिर्फ उनकी जान जोखिम में थी, बल्कि राहगीरों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई। वीडियो सामने आते ही ट्रैफिक पुलिस ने बिना देरी किए जांच शुरू की और करीब 24 घंटे के भीतर तीनों वाहनों को खोज निकाला।

**शीतलहर की चपेट में ट्विनसिटी : कोल्ड बेव का बच्चों की सेहत पर भी पड़ रहा विपरीत प्रभाव**

# पारा 8.2 डिग्री, कड़ाके की ठंड में स्कूल जा रहे हैं बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गुरुवार का दिन। तापमान इस सीजन का सबसे कम। यानी 8.2 डिग्री सेल्सियस। अलसुबह 6.30 बजे का नजारा। ठिठुरते हुए नन्हे बच्चे। स्कूल बैग कांधे पर थामे अपने बस का इंतजार कर रहे। कई मासूम को उनके पालक स्कूटी में सामने बिठाकर स्कूल छोड़ते मिले। कांपते हुए इन बच्चों के तन में स्कूल ड्रेस वाली स्वेटर की मात्र सहारा दिखा। यह दृश्य ट्विनसिटी के हर इलाके के चौक-चौराहों, सेक्टरों और कालोनियों में देखा जा सकता है।



### ट्विनसिटी के स्कूल लग रहे सुबह 7.30 बजे से

ट्विनसिटी सहित दुर्ग जिला इन दिनों शीतलहर की चपेट में है। इसके बावजूद भी छोटे बच्चों की क्लास सुबह 7.30 बजे से लगाई जा रही है। सरकारी स्कूल हो या फिर निजी। सभी स्कूलों में नर्सरी, केजी वन, केजी टू, क्लास वन से लेकर फाईव तक के छोटे बच्चों की कक्षाएं सुबह पाली में लग रही है। दूसरी पाली सुबह 11 बजे और 11.30 बजे लग रही है। जिसमें मिडिल, हाई और हायर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थियों की कक्षाएं चल रही है।

### शीतकालीन अवकाश को है दस दिन बाकी

राज्य सरकार हर साल स्कूलों में शीतकालीन अवकाश घोषित करती है। इस साल का शीतकालीन अवकाश 21 दिसंबर से शुरू हो रहा है। यानी दस दिन के बाद शीतकालीन अवकाश प्रारंभ होगी। ऐसी स्थिति में छोटे बच्चों को इतने दिन तक और कड़कड़ाती ठंड से जूझना पड़ेगा। शिक्षक भी बच्चों की सेहत को लेकर संजीदा हैं। उनका भी कहना है कि शीतकालीन अवकाश की शुरूआत अभी से होना चाहिए।

## डॉक्टर की राय

### शीतलहर बच्चों के लिए खतरनाक



चिकित्सक डॉ. एस के शर्मा बताते है कि ठंड और मौसम बदलने के कारण वायरल इंफेक्शन और फ्लू जैसी बीमारिया बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इन दिनों छोटे बच्चों को सर्दी, जुकाम, खांसी और बुखार की समस्या आ रही है। छोटे बच्चों को ज्यादा से ज्यादा गर्म कपड़े पहनना चाहिए। स्कूल में जाने वाले छोटे बच्चों को दस्ताने और गर्म टोपी पहनाकर ही स्कूल भेजें। उन्होंने कहा कि ठंडे पानी के सेवन से भी दूर रहे।

### सुबह 5.30 बजे से स्कूल जाने की तैयारी

नर्सरी, केजी और प्राइमरी क्लास के बच्चों को सुबह पाली की स्कूल भेजने के लिए सुबह 5.30 बजे से तैयारी करवानी पड़ती है। पालक सुनीता निषाद, निशा कश्यप, छमलता साहू, किरण तिवारी, रामेश्वरी वर्मा आदि ने बताया कि छोटे बच्चों को स्कूल भेजने के लिए सुबह 5.30 बजे उठाना पड़ता है। जूते मोजे सहित यूनिफार्म पहनाने, टिफिन तैयार करने और फिर बस स्टॉप तक बच्चों को पहुंचाने तक काफी मशक्कत करनी पड़ती है। इतनी ज्यादा ठंड पड़ रही है कि बच्चे रोते-बिलखते स्कूल के लिए तैयार होते हैं।





**आठ दिनों से न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट**

| तिथि | तापमान | सामान्य से अंतर |
|---|---|---|
| 11 दिसंबर | 8.2 डिग्री सेल्सि. | 5.5 डिग्री सेल्सि. |
| 10 दिसंबर | 9 डिग्री सेल्सि. | 4.7 डिग्री सेल्सि. |
| 9 दिसंबर | 8.9 डिग्री सेल्सि. | 4.8डिग्री सेल्सि. |
| 8 दिसंबर | 10.4 डिग्री सेल्सि. | 3.3 डिग्री सेल्सि. |
| 7 दिसंबर | 9.2 डिग्री सेल्सि. | 4.5 डिग्री सेल्सि. |
| 6 दिसंबर | 9.8 डिग्री सेल्सि. | 5.0 डिग्री सेल्सि. |
| 5 दिसंबर | 10.8 डिग्री सेल्सि. | 4 डिग्री सेल्सि. |

### छोटे बच्चों की बिगड़ रही है सेहत

पालकों ने बताया सुबह-सुबह बच्चों को उठाने और फिर स्कूल भेजने के दौरान सर्द हवाएं लग रही है। जिसकी वजह से सर्दी, खांसी और बुखार आने लगा है। बच्चों की सेहत बिगड़ रही है। पालकों का कहना है कि बच्चों को कोल्ड बेव से बचाने के लिए स्कूल में अवकाश घोषित करने की जरूरत है। इसके लिए जिला प्रशासन और जिला शिक्षा विभाग को पहल करने की जरूरत है। एक तरफ बड़ों को ठंड से राहत दिलाने के लिए शासन अलाव का इंतजाम कर रही है लेकिन छोटे बच्चों पर उनका ध्यान नहीं है।



### करेंगे चर्चा



दुर्ग जिले में कड़ाके की ठंड को देखते हुए स्कूल का समय बदला जा सकता है। इस संबंध में कलेक्टर से चर्चा करेंगे। शीतकालीन अवकाश 21 दिसंबर से शुरू हो रही है इसलिए अभी समय है।

-अरविंद कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी

### और बढ़ेगी ठंड



उत्तर व मध्य से सर्द हवाएं आ रही है। इसलिए आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी। दुर्ग जिले में आने वाले तीन दिनों तक शीतलहर चलने का एलर्ट जारी किया गया है।

-डॉ. एच पी चंद्रा, मौसम विज्ञानी

# आमटी और सेजस निकुम में शिक्षक मिले अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले के सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा लगातार कर रहे हैं लेकिन शिक्षकों पर कार्रवाई का कोई भय दिखाई नहीं देता। आमटी स्कूल और सेजस निकुम में भी दो-दो शिक्षक गैरहाजिर थे। इन स्कूलों के विद्यार्थी इधर-उधर घूमते मिले। इन शिक्षकों को नोटिस जारी किया गया है।



### ये शिक्षक मिले अनुपस्थित

सेजेस निकुम का निरीक्षण दौरान निशी चन्द्राकर, एवं जुबेर सहायक शिक्षक संविदा शाला समय तक अपने कार्य पर उपस्थित नहीं पाये गये। छात्र-छात्राए नियत समय का पालन नहीं करते। शाला समय पर इर्द गिर्द घुमते पाये गये जिससे संस्था प्रमुख का छात्राओं पर नियंत्रण का अभाव मिला। शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक शाला आमटी का निरीक्षण दौरान हेमन्त कुमार टांडिया, पंचराम देवांगन शिक्षक और रमेश कुमार देशमुख सहायक शिक्षक विलम्ब से शाला पहुंचे।

### स्कूल परिसर में सफाई का मिला अभाव

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा शासकीय प्राथमिक और उच्चतर माध्यमिक शाला अण्डा निरीक्षण के लिए पहुंचे। यहां पूरा दौरान सभी स्टाफ उपस्थित पाये गये। 31 दिसम्बर तक प्राथमिक वर्ग में पला स्तरीय ज्ञान कराये जाने, विद्यालय में स्वच्छता का अमाद पाये जाने पर स्वच्छता बनाये रखने के निर्देश दिये गये है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल रसमड़ा के निरीक्षण दौरान स्वच्छता का अभाव पाया गया । जिस पर शाला/शाला परिसर को स्वच्छ रखने के अध्यापन कार्य पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए।

### इन कार्ययोजनाओं को पालन करने की हिदायत

निरीक्षण के दौरान नियत समय पर अनुपस्थितों के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने नाराजगी दिखाई। निरीक्षण के दौरान सभी प्राथमिक / पूर्व माध्यमिक शाला के संस्था प्रमुखों को मध्यान्ह मोजन निर्धारित मीनू अनुसार प्रदाय करने, बारहखड़ी, पहाड़ा, पुस्तक वाचन के नियमित अभ्यास कराने, विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित किये जाने तथा नियत समय पर अनिवार्य उपस्थिति के निर्देश दिये। इसी प्रकार हाई व हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्य को नियमित प्रायोगिक कार्य करने, ब्लू प्रिंट के अनुरूप 5 वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल कराने, तिमाही परीक्षा के आधार पर चिन्हांकित विद्यार्थीयों को सिमित पाठ्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कराने एवं प्रायोगिक परीक्षा के बाद भी बोर्ड परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व तक विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति के निर्देश दिए।

# निगम भिलाई के पांच कर्मचारियों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर अपर आयुक्त ने पूर्व जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए कार्यालयीन व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु निगम के 5 नियमित कर्मचारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किये है। महेश कुमार देवांगन सहायक ग्रेड-3 भवन अनुज्ञा शाखा से जोन-4 खुर्सीपार राजस्व विभाग, सौरभ वर्मा प्रोसेस सर्वर सामान्य प्रशासन विभाग से लेखा शाखा, कुमारी बाई देवांगन कुक महिला एवं बाल विकास विभाग से अधीक्षण अभियंता कक्ष क्रं. 47, रामकुमारी देवांगन सफाई कामगार उद्यान विभाग से अपर आयुक्त कक्ष एवं कांति बाई सफाई कामगार उद्यान विभाग से जनगणना विभाग भेजा गया है।






न्यायालय का फैसला

# युवकों पर प्राणघातक हमला तीन-तीन साल की कैद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भट्ठी थाना अंतर्गत सेक्टर-4 स्थित डब्लूएआर रोड पर हुई मारपीट के मामले में अभियोजन आरोपियों पर धारा 307 यानी प्राणघातक हमला का अपराध सिद्ध नहीं कर पाया। साक्ष्य के अभाव में आरोपियों को कोर्ट ने धारा 324 में तीन-तीन साल कैद की सजा सुनाई। साथ ही दो-दो हजार रुपए यानी प्रत्येक पर 6 हजार का अर्थदंड लगाया। राशि अदा नहीं कर पर आरोपियों को 2-2 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अपर सत्र न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया। मामले में आरोपी मनोज उड़िया, भीम सेठिया, हरीश उर्फ हलधर सेठिया, विष्णु सेठिया और विनय सिंह पर दोष सिद्ध पाया गया।

प्रकरण के मुताबिक घटना 9 जून 2019 की है। दो दिन पहले आदित्य सिंह नामक युवक द्वारा सेक्टर 4 से गुजरने के दौरान बच्ची के सड़क पर खेलने के दौरान विवाद हो गया था। विवाद के बाद 9 जून की रात करीब 11 बजे आरोपियों ने आदित्य सिंह के साथियों राजविंदर सिंह, जगदीश और शुभम शर्मा से मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान फेंसिंग लगे बांस, चाकू, डंडे से मारपीट की गई। मामले में भट्ठी पुलिस ने धारा 307 के तहत अपराध दर्ज कर प्रकरण न्यायालय में विचारण के लिए प्रस्तुत किया। जहां साक्ष्य के अभाव में आरोपियों पर धारा 307 का आरोप सिद्ध नहीं हो पाया, लेकिन कोर्ट ने आरोपियों को मारपीट का दोषी मानते हुए धारा 324 में सजा सुनाई। मामले में शासन की तरफ से पैरवी अपर लोक अभियोजक राकेश यादव ने की।

- अपर सत्र न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय से आया फैसला




# सेना में चयनित हुए दुर्ग के 29 युवा, बढ़ाया जिले का मान

**मंत्री गजेन्द्र यादव ने दी बधाई, किया सम्मान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



जिले के 29 युवाओं ने फौज में चयनित होकर जिले का गौरव बढ़ाया है। गुरुवार को केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने सेवा सदन में इन सभी युवाओं से मुलाकात करते हुए पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन की कौशल विकास योजना के अंतर्गत केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव के प्रयासों से जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 35 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण अवधि में प्रतिभागियों के ठहरने और रहने की समुचित व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई थी। दुर्ग जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए युवा प्रतिभागियों ने प्रशिक्षक विनोद नायर एवं बालकदास डाहरे के मार्गदर्शन में शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल होने के लिए कड़ी मेहनत और अभ्यास किए। मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि दुर्ग जिले के अग्निवीर एवं पुलिस बल में चयनित अभ्यर्थी युवाओं ने पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उनसे मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं दी गईं। उन्होंने यह भी बताया कि जिन प्रतिभागियों ने अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा पास की है, उनके लिए इस वर्ष भी पुनः प्रशिक्षण आयोजित किया गया है, ताकि अधिक से अधिक युवाओं का चयन सुनिश्चित हो सके।

### इन अभ्यर्थियों का हुआ चयन

अग्निवीर में करण पटेल, इंद्रकुमार, गजेंद्र ठाकुर, सुनील साहू, लोकेन्द्र, मनीष साहू, तामेश्वर, योगेन्द्र कुमार साहू, लक्ष्मीकांत पारकर, डामेश यादव, मोनेश निषाद, शुभम, विवेक कुमार, गौरव कुमार साहू, प्रभात साहू, विकाश मिश्रा, पल्लव साहू, टिशू यादव, नयन निषाद, तुषार कुमार, शुभम साहू इंडियन नेवी, स्वप्निल दुबे भारतीय वायुसेना इसके अलावा छग पुलिस में संजय निषाद, लिलेश साहू, जनकलाल, लोमश साहू, निशा ठाकुर, नेहा साहू, खिलेश्वर पटेल, ललिता यदु का चयन हुआ है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन का मूल्यांकन वर्गमीटर के बजाए हेक्टेयर में होगा



**दुर्ग।** महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक द्वारा जारी गाइडलाइन दरों को निर्धारण नियम 2000 के प्रावधानों के तहत उप जिला, जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त स्थावर संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण से संबंधित गाइडलाइन दर वर्ष 2025-26 को केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया है। दरें 20 नवंबर 2025 से संपूर्ण छत्तीसगढ़ में लागू की गई हैं। नवीन गाइडलाइन वर्ष 2025-26 में विगत 7-8 वर्ष पूर्व की प्रचलित गाइडलाइन की उपबंधों, कंडिकाओं एवं दरों में विसंगतियों को ठीक करने की प्रक्रिया अंतर्गत विभिन्न जनहितैषी सुधार किए गए हैं। जिला पंजीयक प्रियंका श्रीरंगे ने बताया कि राज्य शासन द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में समस्त प्रकार के उपयोग की भूमियों में वर्गमीटर दर को समाप्त कर दिया गया है, जिससे स्टॉम्प एवं रजिस्ट्री शुल्क में आमजनों को फायदा होगा। अब सभी प्रकार की भूमि अर्थात कृषि, गैर कृषि, व्यावसायिक, परिवर्तित समस्त प्रकार के उपयोग की भूमियों के लिए भूमि का मूल्यांकन, बाजार मूल्य का परिकलन भूमि के स्वरूप अनुसार मुख्यमार्ग एवं मुख्यमार्ग के अंदर हेक्टेयर दर से किया जाएगा।

- 20 नवंबर की तारीख से नई मूल्यांकन दरें लागू, ग्रामीणों और किसानों को मिलेगी राहत

### बाजार मूल्य में बढ़ोत्तरी को देखते हुए लिया गया निर्णय

पूर्व प्रचलित गाइडलाइन 2019-20 के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में 500 वर्गमीटर तक के छोटे कृषि एवं गैर कृषि भूमि का मूल्यांकन वर्गमीटर दर से होता था, जिससे बाजार मूल्य अधिक परिकलित होता था। अधिक स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क प्रभार्य होता था। किन्तु नवीन गाइडलाइन वर्ष 2025 के प्रावधानों के तहत बाजार मूल्य परिकलन में कमी आने से आमजनों को स्टाम्प एवं रजिस्ट्री शुल्क कम चुकाना पड़ेगा, जिससे यह गाइडलाइन आमजनों के हितार्थ स्पष्ट होती है। नवीन गाइडलाइन लागू होने के बाद पंजीयन शुल्क में कमी आएगी।

### हुडकोवासियों ने दर्ज कराई आपत्ति

भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं हुडको संघर्ष समिति के संयोजक जावेद खान ने हुडकोवासियों के साथ पंजीयन कार्यालय पहुंचकर आपत्ति दर्ज कराई। गाइड़ लाइन मुल्य में वृद्धि के बाद समूचे प्रदेश मे उपजे असंतोष और विरोध के स्वरूप की तीव्रता को देखते हुए कार्यालय महानिरिक्षक पंजीयन एंव अधीक्षक मुद्रांक छग शासन रायपुर द्वारा समस्त जिले के कलेक्टरों को गाइड़ लाइन दरो एंव उपबंधो के पुनरीक्षण संबंधी केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड के निर्णय से अवगत कराते हुए निर्देश जारी किए हैं। आपत्ति एवं सुझाव 31 दिसम्बर तक मंगाए गए हैं। हुडको में नजूल भूमि तथा आसपास के आवासीय क्षेत्र के संबंध में सुझाव दिया है कि गाइड लाइन मूल्य से कम दर पर वास्तविक खरीदी बिक्री हो रही है। ऐसे में विक्रेता और क्रेता को दो इकरारनामे बनाने पड़ रहे हैं, जो की पूर्णतः गलत है। आरसीसी छत की दर जो कि 1150 रुपए वर्गफीट लगाई गई है, उस पर भी आपत्ति की गई।

## खबर संक्षेप

### रिसाली निगम क्षेत्र के प्रतिनिधि बने गोविन्द



**भिलाई।** रिसाली नगर निगम क्षेत्र के लिए ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने प्रतिनिधि के रूप में गोविन्द राम साहू को नामित किया है। वे दुंडेरा के रहने वाले हैं और लंबे समय तक किसान नेता के रूप में सक्रिय रहे हैं। किसानों के मुद्दों पर उनकी समझ और लगातार जुड़ाव ने उन्हें इस जिम्मेदारी के लिए मजबूत विकल्प बनाया है। उनकी नियुक्ति पर पार्षद विक्रम चंद्राकर, पप्पू चंद्राकर, मनीष यादव, सांसद प्रतिनिधि इंद्रजीत सोनवानी आदि ने हर्ष जताया है।

### कलम बंद हड़ताल को लेकर बैठक कल

**दुर्ग।** विभिन्न मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले काम बंद-कलम बंद हड़ताल 29 से 31 दिसंबर तक आयोजित है। राजेश चटर्जी संयोजक कर्मचारी अधिकारी फेडरेसन दुर्ग ने बताया कि उत्तर प्रदेश जैसा बड़ा राज्य जहां कर्मचारियों की संख्या 25 लाख से अधिक है। वहां की सरकार अपने अधिकारी एवं कर्मचारियों को केन्द्र की तिथि जुलाई 2025 से 58 फीसदी महंगाई भत्ता की घोषणा के साथ ही बोनस तथा पेंशनर्स को महंगाई राहत भी दे रही है। जबकि छत्तीसगढ़ में ऐसा नहीं है। 13 दिसंबर शनिवार दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभागार दुर्ग में बैठक रखी गई है।

### गुरु घासीदास जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

**दुर्ग।** 18 दिसंबर गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर ने जिले में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेन्ट, बार, होटल-बार, क्लब आदि जैसे एफएल-1(घघ), एफएल-1 (घघ-कम्पोजिट), सीएस-2 (घघ), सीएस-2 (घघ-कम्पोजिट), सीएस-2 (ग-अहाता), सीएस-2 (ग-कम्पोजिट अहाता), एलएल-1 (ख-अहाता), एलएल-1 (ख-कम्पोजिट अहाता), एफएल 3, 3 (क,ग), 4, 4 (क), 5, 5 (क), 6, 7, 8, सीएस-1, सीएस 1-ग, एफ.एल. 10 एवं भण्डारण भाण्डागार भिलाई को दिसंबर 2025, गुरुवार को पूर्णतः बंद रखने के आदेश दिए हैं।

### 40 लाख से अधिक के कामों को मिली स्वीकृति

**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत निर्माण कार्य के लिए 4004803 रुपए की प्रशासनिक स्वीकृत किया गया है। जिला प्रभारी मंत्री, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग-दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार वार्ड 4 गयानगर स्थित सांस्कृतिक भवन में रसोई कक्ष, शौचालय सह मंच निर्माण हेतु 8.54 लाख रुपए और वार्ड 40 कसारीडीह न्यास आश्रम के सामुदायिक भवन में भूतल एवं प्रथम तल पर रसोई कक्ष निर्माण हेतु 9 लाख 99 हजार रूपए एवं शौचालय निर्माण हेतु 03 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वार्ड 30 में महावीर स्कूल के बगल में स्थित सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 9 लाख 98 हजार 803 रुपए तथा धनोरा रोड बोरसी में डोम शेड का निर्माण होगा।

## जर्जर सड़कों की वजह से भी परेशान वार्डवासी, जिम्मेदारों के पास नहीं सुनवाई

# अंबेडकर नगर में पेयजल संकट, पाइपलाइन बिछी लेकिन घरों तक नहीं पहुंच रहा पानी

*अंबेडकर नगर वार्ड 15 में पानी की किल्लत, टूट चुकी सड़कों और गंदगी से भरे सार्वजनिक शौचालयों ने लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी मुश्किल कर दी है। पाइपलाइन होने के बाद भी सप्लाई बंद रहती है। कई इलाकों में पंप चलाकर पानी देना पड़ रहा है। सड़कों पर गड्ढे बढ़ते जा रहे हैं और परदेशी चौक का शौचालय लगातार गंदगी से घिरा रहता है।*







वार्ड परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अंबेडकर नगर वार्ड में लोग रोजमर्रा की बुनियादी दिक्कतों से जूझ रहे हैं। सबसे बड़ी परेशानी पानी की है। पाइपलाइन तो बिछाई गई है, लेकिन नलों तक पानी पहुंचता ही नहीं। स्टेट बैंक मार्ग, रोड नंबर जीरो से नौ, राधाकृष्ण कॉलोनी और महावीर मार्ग इन सभी इलाकों में पाइपलाइन मौजूद है, पर सप्लाई ठप रहती है। स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि रोड जीरो से 9 तक के घरों में पानी भेजने के लिए चार पंप चलाने पड़ते हैं।

अंबेडकर नगर में भी तीन पंप लगाए गए हैं। गर्मी आते ही समस्या और बढ़ जाती है और लोग बूंद बूंद पानी को तरसते हैं। पानी के बाद दूसरी बड़ी समस्या सड़क की है। कई सड़कों पर डामरीकरण की जरूरत है। गड्ढों के कारण सड़क से रोज गुजरने वाले लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है। वार्ड में दो सार्वजनिक शौचालय हैं एक वैशाली नगर चौकी के सामने और दूसरा परदेशी चौक पर। परदेशी चौक वाला शौचालय सबसे ज्यादा परेशानी खड़ी कर रहा है। अंदर गंदगी, बाहर कचरे का ढेर। स्थानीय लोगों बताया कि यहां साफ-सफाई नियमित नहीं होती, और कचरा डंप होने से इलाके का पूरा माहौल बिगड़ जाता है। वहीं कई जगह नालियां भी जाम है। लोगों ने पानी की सप्लाई नियमित करने, सड़कों की मरम्मत हो और शौचालयों की सफाई की मांग की है।

### पानी को लेकर लोग परेशान

“ वार्ड में सड़क डामरीकरण की बेहद आवश्यकता है। इसके लिए करीब दो करोड़ रुपए के स्वीकृति की आवश्यकता है। पानी की संकट से भी लोग परेशान है। नलों में पानी की सप्लाई नहीं होती, बोर से वार्डों के लोगों को पानी उपलब्ध कराया जाता है। वर्तमान में सड़क जीरो से नौ और सड़क नं. 2 व 3 में सीमेंटीकरण होना है। सेंटजॉन स्कूल के पास नाली, पाथ वे, सड़क सीमेंटीकरण और सड़क नं. 5सी, 7 व 8 में सीमेंटीकरण होना है।

-संतोष मौर्या ,
पार्षद वार्ड 15 अम्बेडकर नगर, भिलाई

### नई टंकियों के बाद भी नहीं सुधर पाई पानी की सप्लाई



अंबेडकर नगर वार्ड में पानी की समस्या शुरू से बनी हुई है। सुनिता सोनी ने बताया कि पाइपलाइन तो बिछा दी गई है, लेकिन नलों में पानी आता ही नहीं। पहले यहां फरीदनगर की पानी टंकी से सप्लाई होती थी। बाद में राधिकानगर और मंगल बाजार कोहका में दो नई टंकियां बनाई गईं। योजना के मुताबिक नई टंकियों के शुरू होने के बाद फरीदनगर की सप्लाई बंद करनी थी, ताकि दबाव ठीक बने और पानी बराबर पहुंचे। ऐसा नहीं हुआ। नतीजा यह कि अंबेडकर नगर के नलों में पानी नाममात्र आता है। गर्मी में हाल और बिगड़ जाता है। लोग सुबह से लेकर दोपहर तक पानी के इंतजार में बैठे रहते हैं। कई घरों में जरूरत भर भी पानी नहीं पहुंच पाता।

### जर्जर सड़कों से परेशान लोग डामरीकरण की मांग



अंबेडकर नगर वार्ड में सड़कें लोगों के लिए रोज की मुसीबत बन चुकी हैं। वार्ड के निवासी विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि कई जगह सड़कें इतनी खराब हो चुकी हैं कि पैदल चलना मुश्किल हो गया है। बरसात दिनों में हालत और बिगड़ जाता है। उन्होंने कहा कि सड़कें जगह-जगह टूटी हुई हैं। शाम के समय गड्ढे दिखते नहीं और अक्सर लोग फिसल जाते हैं। वाहन चालकों के लिए तो हाल और खराब है। बाइक फिसलने, पंचर होने और रोजमर्रा की छोटी दुर्घटनाओं की शिकायतें बढ़ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूरे वार्ड को डामरीकरण की जरूरत है। कई रास्ते सालों से मरम्मत का इंतजार कर रहे हैं। कुछ हिस्सों में सिर्फ मिट्टी भर दी जाती है, जिससे कुछ दिन राहत मिलती है, लेकिन थोड़ी बारिश होते ही सड़क फिर टूट जाती है। उनका कहना है कि जब पानी और सफाई की समस्या पहले से मौजूद है।

### लोकभारती स्कूल के पास पार्क में अंधेरा, दुर्घटना बढ़ी



लोकभारती स्कूल के पास रहने वाले अनिश ने बताया कि इलाके का पार्क कई तरह के सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का केंद्र है, लेकिन रोशनी की कमी ने इसे समस्या का स्थान बना दिया है। शाम होते ही पार्क पूरी तरह अंधेरे में डूब जाता है। लोग कार्यक्रमों में शामिल तो होते हैं, लेकिन लौटते समय असुरक्षा महसूस करते हैं। अनिश का कहना है कि अंधेरा सिर्फ परेशानी नहीं, खतरा भी पैदा करता है। आसपास रहने वाले लोग बताते हैं कि रोशनी न होने से असामाजिक तत्वों का आना-जाना बढ़ जाता है। कई बार देर रात लोग यहां बैठे दिखाई देते हैं, जिससे आसपास के परिवार असहज महसूस करते हैं। बच्चों और बुजुर्गों को पार्क तक जाने में भी झिझक होती है। पार्क में कार्यक्रम होते रहते हैं।



## ठंड को देखते हुए स्कूलों को समय में परिवर्तन को लेकर कांग्रेसी मिले कलेक्टर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर जिला कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर अभिजीत सिंह से मिला। इस दौरान बढ़ती कड़ाके की ठंड को देखते हुए स्कूलों के सुबह की पाली के समय में परिवर्तन करने की मांग की गई। इस दौरान कहा गया कि छोटे बच्चों को ठंड से राहत मिले और स्वास्थ्य जोखिम कम हो। दूसरा विषय मतदाता सूची के समुचित पुनरीक्षण, डिजिटलाईज्ड सूची में त्रुटियों के निराकरण, फॉर्म-6, 7 और 8 की पर्याप्त उपलब्धता तथा गलत वार्ड में दर्ज नामों को चिन्हांकित कर हटाने से संबंधित था। कांग्रेसियों ने कहा कि तत्काल संशोधन किया जाए तथा शिक्षा विभाग को इसके लिए स्पष्ट निर्देश दिए जाएँ। साथ ही मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान किसी भी पात्र मतदाता का नाम न छूटे, त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों का संशोधन किया जाए, और सभी फॉर्म आसानी से जनता को उपलब्ध हों। गलत वार्ड में दर्ज नामों को सही वार्ड में स्थानांतरित करने पर भी बल दिया गया।

अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि ठंड से बच्चों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। मतदाता सूची की त्रुटियां नागरिकों के अधिकारों को प्रभावित कर रही हैं। दोनों ही विषय अत्यंत संवेदनशील हैं और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप अपेक्षित है। जिला कांग्रेस जनहित के हर मुद्दे को गंभीरता से उठाती रहेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, दीपक दुबे, अलताफ अहमद, संजय कोहले, राजेश यादव, प्रवक्ता नासिर खोखर, सुशील भारद्वाज, भास्कर कुंडले, प्रकाश जोशी, राय सिंह ढीकोला, महिप सिंह भुवाल, राकेश यादव, प्रीतम देशमुख सहित अन्य मौजूद थे।

- एसआईआर को लेकर भी दर्ज कराई आपत्ति

## रेलवे अधिग्रहण प्रभावित किसानों का बड़ा विरोध

**नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**



**दुर्ग।** रेलवे परियोजना से प्रभावित किसानों ने पुरई के मिनी स्टेडियम में एक महत्वपूर्ण सभा आयोजित की, जिसमें नायब तहसीलदार वसुमित्र दिवान, पटवारी विवेक देवांगन, घनश्याम, रेवेन्यू इंस्पेक्टर घनश्याम चंद्राकर सहित अन्य उपस्थित थे। किसानों ने एकमत होकर नायब तहसीलदार को विस्तृत ज्ञापन सौंपा। यह स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर लिखित एवं संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं मिल जाता, तब तक सर्वे और संबंधित कार्यों पर उनकी असहमति बनी रहेगी। किसानों ने नायब तहसीलदार को अवगत कराया कि लंबित आवेदनों का जवाब और कार्यवाही लंबित है। गाइडलाइन दर की स्थिति स्पष्ट होने तक किसी भी तरह का सर्वे कार्य नहीं किया जाएगा। नायब तहसीलदार द्वारा बताया गया है कि 31 दिसंबर 2025 तक पुनर्विचार याचिका प्रक्रिया चलेगी, जिसके बाद नवीन दर लागू होगी। किसानों ने घोषणा की है कि 31 दिसंबर तक रेलवे संबंधित सभी कार्यों पर असहमत रहेंगे। किसानों ने कहा कि 2025-2026 की गाइडलाइन दरों में कई समीपवर्ती ग्रामों में अत्यधिक असमानता है, और कुछ ग्रामों में वर्ग मीटर की दरें पूर्व की तुलना में कम कर दी गई हैं। किसानों को आशंका है कि रेलवे निर्माण के बाद खेतों तक ट्रैक्टर, हार्वेस्टर पहुंचने का रास्ता अवरुद्ध होगा, तथा नहर/जलमार्ग में बाधा आने से सिंचाई प्रभावित होगी। किसानों ने वैकल्पिक पहुँच मार्ग तथा सिंचाई व्यवस्था बाधित न होने का कलेक्टर महोदय द्वारा स्पष्ट एवं लिखित आश्वासन मांगा। भारतमाला परियोजना में हुए असमान मुआवजे (पाटन में 4 गुना, दुर्ग में 2 गुना) के कारण दोबारा ऐसी स्थिति का डर है। अतः स्थिति स्पष्ट एवं पारदर्शी तरीके से रखी जाए।

## सार्वजनिक स्थलों पर जलाए गए अलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



लगातार बढ़ रही ठंड और शीतलहर को देखते हुए दुर्ग निगम ने विशेष कदम उठाए हैं। महापौर अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिदिन अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है।

अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार ने बताया कि ठंड के असर को देखते हुए अलाव रात के समय नियमित रूप से जलाए जा रहे हैं। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, जिला चिकित्सालय, प्रमुख चौक और भीड़भाड़ वाले बाजारों सहित कई संवेदनशील स्थानों पर यह व्यवस्था शुरू हो चुकी है। इसके साथ ही वे क्षेत्र जहाँ बुजुर्ग, असहाय और गरीब वर्ग ज्यादा रहते हैं, वहां विशेष रूप से अलग-अलग जगह अलाव की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी को भी ठंड से परेशानी न हो।

महापौर और आयुक्त ने कहा कि निगम का प्रयास है कि शीतलहर के दौरान कोई भी राहगीर, बुजुर्ग या गरीब व्यक्ति ठंड से न जूझे। सभी जगह अलाव सही समय पर जलें, इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

**पूर्व विधायक अरुण वोरा ने स्थल का किया अवलोकन**

# दुर्ग शहर की मुख्य पाइपलाइन लीकेज से भारी जलसंकट, दो दिन के बाद भी नहीं आ रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग





नगर निगम दुर्ग क्षेत्र के गंजपारा कब्रिस्तान के पास स्थित प्रमुख पेयजल आपूर्ति पाइप लाइन में हुए बड़े लीकेज के कारण बुधवार से दुर्ग शहर के अनेक वार्डों में जलापूर्ति बाधित है। मरम्मत कार्य के दौरान पाइपलाइन के आसपास की मिट्टी धंस जाने से निगम टीम का काम बीच में ही रुक गया, जिसके चलते गुरुवार सुबह भी शहर के मध्य एवं आसपास के कई वार्डों में पानी नहीं पहुंच पाया।

गुरुवार को स्थिति का जायज़ा लेने दुर्ग शहर के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा तथा पूर्व महापौर आरएन वर्मा मौके पर पहुंचे। निगम अधिकारियों से विस्तृत जानकारी लेकर तत्काल सुधार के निर्देश दिए। वोरा ने कहा कि लगातार तीन पाली तक बाधित जलापूर्ति ने 22 से 24 वार्ड के हजारों नागरिकों को भारी परेशानी में डाल दिया है। शहरवासी निगम से जल्द और ठोस समाधान की अपेक्षा कर रहे हैं।निगम ने गुरुवार सुबह तक जलापूर्ति सामान्य करने का भरोसा दिया था, परंतु अब भी वार्डों में पानी नहीं पहुंचा है। मरम्मत कार्य को शीर्ष प्राथमिकता में लेकर तुरंत पूरा किया जाए। वर्मा ने कहा कि नगर निगम को स्थायी समाधान की दिशा में सोचना चाहिए। जब तक मजबूत एवं तकनीकी रूप से टिकाऊ व्यवस्था नहीं बनेगी, तब तक शहर बार–बार जल संकट झेलता रहेगा। बुधवार को मरम्मत के लिए लिए गए शटडाउन के कारण शंकरनगर सहित पांच पानी टंकियों से द्वितीय पाली की जलापूर्ति प्रभावित रहा। अब मिट्टी हटाने और सीपेज का पानी निकालने के बाद मरम्मत दोबारा शुरू होने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### उफरा के रोशन का चयन पुलिस बल में



सेलुद। ईमानदारी से की गई कड़ी मेहनत कभी बेकार नहीं जाती है। इस बात को पाटन विधानसभा के ग्राम उफरा के युवक रोशन लाल धीवर पिता साधु राम धीवर ने साबित कर दिखाया है। गाँव मे सुविधाओं के अभाव के बावजूद शारीरिक व लिखित परीक्षा के लिए रोशन निरंतर मेहनत करते रहे और अब दुर्ग पुलिस आरक्षक के तौर पर उनका चयन हो गया है। ग्रामीण इस उपलब्धि से बेहद हर्षित हैं। गांव के परस राम साहू ने कहा कि रोशन अब दूसरे युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके इस चयन से घर परिवार व ग्राम में खुशी की लहर है।

### मानव अधिकार को समझाया कॉलेज स्टूडेंट को

जामुल । डॉ. मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ एवं महिला उत्पीड़न निवारण समिति की ओर से 10 दिसंबर बुधवार को मानव अधिकार दिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।
इस अवसर पर सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. एस. सिंह ने इस दिवस के उद्देश्य तथा इस वर्ष की थीम दैनिक आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा की तथा विद्यार्थियों से मानव अधिकार के प्रावधानों से संबंधित प्रश्न किया। राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक अध्यापक बलराज ताम्रकार ने वर्तमान में युद्धग्रस्त परिपेक्ष में मानव अधिकार के उल्लंघन एवं उसकी प्रासंगिकता पर बच्चों को विस्तार से बताया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. रचना चौधरी ने छत्तीसगढ़ में मानव अधिकार की स्थिति महिलाओं की विशेष रूप से रेखांकित किया महिला प्रकोष्ठ की सदस्य श्रीमती विनिता परगनिहा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में , डॉ शशि कश्यप, पी. हेमाराव डॉ अंजू माला साहू, भुवनेश्वर साहू, डॉ अशोक कुमार यादव एवं कु. अंकिता गिरपुंजे का विशेष योगदान रहा।

### कोड़िया के स्कूली बच्चों ने देखा मैत्री बाग



अंडा। ग्राम कोड़िया की शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के 82 बच्चों ने भिलाई मैत्री बाग का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण में ग्राम के सरपंच खुमान निषाद भी स्वयं उपस्थित थे। मैत्री गार्डन प्रबंधन के विशेष सहयोग के कारण ही सभी बच्चों के लिए वोटिंग संभव हो सकी।

### निधन

### हुकुमचंद पारख



भिलाई। भिलाई-3, बाजार चौक निवासी हुकुमचंद पारख का निधन 11 दिसंबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 दिसंबर को सुबह 11.30 बजे निवासी स्थान से मुक्तिधाम भिलाई-3 के लिए निकलेगी। वे नेमीचंद, ज्ञानचंद पारख के भतीजे, पन्नालाल, विजय कुमार, कोमल कुमार के भाई एवं विकास कुमार पारख के पिता थे।

# पुत्र और पिता के संबंध को प्रदर्शित करता है प्रहलाद चरित्र

## पं. शुक्ल ने किया प्रहलाद कथा और भगवान विष्णु के वामन अवतार का बखान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शिव मंदिर परिसर इस्पात नगर रिसाली में आयोजित त्रिवेणी ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चौथे दिन पं. शेषनारायण शुक्ला ने प्रहलाद कथा का बखान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद थे। विष्णु पाठक व उनके परिवार द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन में अलग अलग राज्यों से संत महंतों का आगमन हो रहा है। कथा चावन के दौरान पं. शेषनारायण शुक्ला ने कहा कि प्रहलाद चरित्र पुत्र एवं पिता के संबंध को प्रदर्शित करता है। यदि भक्त सच्चा हो तो विपरीत परिस्थितियां भी उसे भगवान की भक्ति से विमुख नहीं कर सकती। राक्षस प्रवृत्ति के हिरण्यकश्यप जैसे पिता को प्राप्त करने के बावजूद भी प्रहलाद ने ईश्वर भक्ति नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि सच्चे अर्थों में कहा जाए तो प्रहलाद ने पुत्र होने का दायित्व भी निभाया। पुत्र का यह सर्वोपरि दायित्व है कि यदि उसका पिता दुष्ट प्रवृत्ति का हो तो उसे भी सुमार्ग पर लाने के लिए सदैव प्रयास करने चाहिए। प्रहलाद ने बिना भय के हिरण्यकश्यप के यहां रहते हुए ईश्वर की सत्ता को स्वीकार किया और पिता को भी उसकी ओर आने के लिए प्रेरित किया, लेकिन राक्षस प्रवृत्ति के होने के चलते हिरण्यकश्यप ने प्रहलाद की बात को नहीं माना। ऐसे में भगवान नरसिंह द्वारा उसका संहार किया गया। उसके बाद भी प्रह्लाद ने अपने पुत्र धर्म का निर्वहन किया और अपने पिता की सद्गति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।



### वामन के रूप में राजा बलि को दिया मोक्ष

पं. शेषनारायण शुक्ला ने बताया कि राजा बलि के अहंकार व भगवान विष्णु के वामन अवतार की कथा भी सुनाई। उन्होंने बताया कि वामन अवतार, भगवान विष्णु का दशावतारों में पांचवां अवतार है, जो उन्होंने अहंकारी दैत्य राजा बलि के घमंड को कम करने और देवताओं को उनका खोया हुआ स्थान स्वर्ग वापस दिलाने के लिए लिया था। जिसमें उन्होंने राजा बलि से सिर्फ तीन पग भूमि मांगी और पहले दो पग में पूरी पृथ्वी और स्वर्ग को नाप लिया, और तीसरे पग के लिए बलि के सिर पर पैर रखकर उन्हें पाताल लोक भेज दिया, जो धर्म की पुनः स्थापना का प्रतीक है।

## गरीबों को नहीं मिल रहा राशन, आक्रोशित ग्रामीण हुए एकजुट

# नमक-शक्कर नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों का राशन लेने से इनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



आदर्श ग्राम कौही में राशन वितरण में अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों का धैर्य अब जवाब दे चुका है। जनपद पंचायत पाटन के आदर्श ग्राम कौही में उचित मूल्य दुकान संचालक की लापरवाही से परेशान ग्रामीणों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का साफ आरोप है की दुकान समय पर नहीं खुलती, महीनों तक नमक-शक्कर की उपलब्धता नही और नवंबर माह का राशन दिसंबर में दिया जा रहा है। यह स्थिति किसी भी तरह से स्वीकार योग्य नहीं है।

आज भी जब चावल वितरण के लिए सेल्समैन गांव पहुंचा, तो ग्रामीणों ने दो टूक कह दिया कि दो-दो महीने से नमक और शक्कर नहीं देने वाले संचालक से अब राशन नहीं लिया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा क्यों हर बार हम ही चक्कर काटें, क्यों हमें ही परेशान किया जाता है। इसी रोष के साथ उन्होंने चावल लेने से इनकार कर दिया और सामूहिक रूप से लिखा-पढ़ी कर सरपंच को मांगपत्र सौंपा कि दुकान संचालक को तत्काल हटाया जाए और दुकान का संचालन गांव के किसी महिला समूह को सौंपा जाए।ग्रामीणों का कहना है कि उचित मूल्य की दुकान गरीबों के हित के लिए खोली जाती है, लेकिन यहां लाभार्थियों को ही महीनों परेशान किया जा रहा है। नमक-शक्कर जैसी बुनियादी सामान न मिलना सीधी लापरवाही का प्रमाण है। सवाल यह है कि जब सरकार हर महीने राशन भेज रही है, तो फिर गांव के लोगों तक समय पर क्यों नहीं पहुँच रहा।

गांव के लोगों ने साफ चेतावनी दी है कि अब प्रतीक्षा नहीं होगी, यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। ग्रामीणों के अनुसार, खाने-पीने की बुनियादी चीजें भी समय पर न मिलना सीधा अन्याय है, और वे इसे किसी भी कीमत पर सहन नहीं करेंगे। अब निगाहें खाद्य विभाग और अनुविभागीय अधिकारी पर हैं। क्या वे ग्रामीणों की आवाज सुनेंगे क्या इस गंभीर लापरवाही पर कार्रवाई होगी गांव के लोग उम्मीद लगाए बैठे हैं कि इस बार उनकी शिकायत को नज़रअंदाज़ नहीं किया जाएगा और दोषी संचालक के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे। विरोध में उपस्थित ग्रामीणों में सत्यवती मारकंडे, उमा सोनकर, जानकी साहू, दुर्गेश नंदिनी साहू, उषा, जमुना बाई, विष्णु, टेकाराम सोनकर, मानबाई, जागेश्वर, कीर्तन, प्रभा, प्रीतम, उत्तम कुमार, खूब लाल मेश्राम, दौवा राम, सुरेश, दिलीप ठाकुर, तामेश्वर, चिंताराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

**कार्रवाई करेंगे**

मेरे जानकारी में अभी नही है अगर राशन गरीबों को नही मिल पा रहा है तो सेल्समैन के ऊपर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। - **अनुराग भदौरिया** खाद्य अधिकारी दुर्ग

# जामुल पालिका में कांग्रेस सरकार बनाने आह्वान किया जिला अध्यक्ष ने



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामुल

ब्लाक कांग्रेस जामुल के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से 8 दिसंबर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण राकेश ठाकुर का गर्मजोशी के साथ अभिनंदन किया गया। अकलोर ,सुरडुंग तिगड्डा चौक में युवक कांग्रेस जामुल मंडल अध्यक्ष गोपी वर्मा के नेतृत्व में सैकड़ो युवकों के साथ एतिहासिक, गर्मजोशी के साथ आतिशबाजी,फूल हार, डी जे मे कका अभी जिन्दा है, कांग्रेस पार्टी जिन्दाबाद के नारे गूंज रहे थे। रैली शिवपुरी, देवनगर, रावण भाठा, सन्तोषी चौक होते हुए मंगल भवन वार्ड 1 सीएसईबी चौक जामुल में कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां करीम खान महामंत्री एवं वार्ड पार्षद सबीहा करीम खान के नेतृत्व में कांग्रेसजन एवं नागरिकों ने बड़े ही उत्साह के साथ अगवानी की, कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ महतारी की पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ राज गीत अरपा पैरी के धार से हुआ। सभी कांग्रेस कार्यकर्ता ने एवं नागरिकों ने पुष्प हार पहनाकर अभिनंदन किया। स्वागत भाषण ब्लाक अध्यक्ष प्रकाश सिंह ठाकुर ने दिया। इस अवसर पर सरोजनी चन्द्राकर पूर्व अध्यक्ष, रामप्यारी वर्मा नेता प्रतिपक्ष और करीम खान ने सम्बोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने संगठनात्मक दिशा-निर्देश, गुट बाजी से दूर, अनुशासन, जन हित के मुद्दे पर आन्दोलन, आने वाले नगर पालिका चुनाव मे जामुल पालिका में कांग्रेस की सरकार बनाने का आह्वान किया।

# पेंड्रावान कॉलेज में 4.65 करोड़ से बनेगी नई बिल्डिंग, लैब में लगेंगे आधुनिक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग/धमधा

जिले के धमधा तहसील अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय पेंड्रावान धमधा के नवीन भवन के लिए भूमिपूजन प्रदेश के राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा ने किया। 4.65 करोड़ की लागत के इस महाविद्यालय भवन के बन जाने से क्षेत्र के बारहवी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत होगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू, राज्य तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे एवं सुरेंद्र कौशिक उपस्थित थे। श्री वर्मा ने कहा कि जीवन की सफलता केवल शिक्षा की डिग्री पाने से नहीं है, अपितु संस्कृति और संस्कार को आत्मसात कर जीवन जीना है। उन्होंने महाविद्यालयीन विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति का सराहना करते हुए सांस्कृतिक दल के लिए 5100 रुपए प्रोत्साहन राशि अपने तरफ से प्रदान करने की घोषणा की। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सुशासन में प्रधानमंत्री की गारंटी को क्रमशः पूरी कर रही है। प्रदेश में सरकार शांति और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार ने बस्तर में नक्सली उन्मूलन में सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के साथ 2047 तक प्रदेश को विकसित राज्य बनाने का संकल्प दोहराया।





### पेंड्रावान और बोरी महाविद्यालय में अहाता का होगा निर्माण

पेंड्रावन और बोरी कॉलेज में अहाता निर्माण का भी भरोसा मंत्री ने दिलाया। उन्होंने महाविद्यालय के विज्ञान प्रायोगिक सामग्री खरीदी के लिए 5 लाख रुपए की घोषणा की। ईश्वर साहू ने कहा कि आज गांव वालों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने जा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री की गारंटी को प्रदेश सरकार द्वारा समय से पहले पूरी करने की पहल से अवगत कराते हुए प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को रेखांकित किया। महाविद्यालय की प्राचार्य उषाकिरण अग्रवाल ने महाविद्यालय के शैक्षणिक गतिविधियों एवं मागों से मंत्री जी को अवगत कराया। सरपंच प्रतिमा सिन्हा ने स्वागत उद्बोधन में ग्राम एवं क्षेत्र की जनता की विभिन्न मांगों की ओर मुख्य अतिथि मंत्री श्री वर्मा का ध्यान आकृष्ट किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पंचायत प्रतिनिधि, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



### पुरानी सब्जी मंडी की दुकान में भीषण आग

कुम्हारी। कुम्हारी की पुरानी सब्जी मंडी स्थित संजू बारदाना की दुकान में बुधवार 10 दिसंबर की रात करीब 9:30 बजे भीषण आग लग गई। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन दुकान में रखा सामान जलकर खाक हो गया। जिससे दुकानदार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुकानदार ने दुकान बंद करने से पहले दुकान में पूजा-पाठ कर दिया बत्ती जलाई थी। आशंका जताई जा रही है कि किसी जीव जैसे चूहे द्वारा जलती हुई बत्ती को पास रखी पॉलीथिन या बारदाने की बोरी के पास ले जाने के कारण यह आग लगी होगी। पॉलीथिन और बारदाना ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग तुरंत ही पूरे दुकान में तेजी से फैल गई और जल्द ही भीषण रूप धारण कर लिया। कई लोगों का कहना हैं कि बिजली शॉर्ट सर्किट की वजह से यह आग लगी है। आग किस वजह से लगी है इसकी आधिकारिक जानकारी अभी उपलब्ध नहीं है। आग इतनी भयानक थी कि इसे देखने के लिए मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। मौके पर पुलिस एवं जनप्रतिनिधि भी पहुंचे। पुलिस ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

# सघन कुष्ठ जांच खोज अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



पाटन ब्लॉक में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सघन कुष्ठ जांच खोज अभियान (एलसीडीसी) 8 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ मनोज दानी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी पाटन डॉ भुवनेश्वर कठौतिया के आदेशानुसार तथा खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी बीएल वर्मा एवं चंद्रकांता साहू के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला घर घर जाकर लोगों को कुष्ठ रोग के विषय में जागरूक कर रहा है एवं प्रत्येक व्यक्ति के शरीर की जांच की जा रही है। अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि समय पर कुष्ठ रोग की पहचान हो सके और मरीज को विकृति से बचाया जा सके। आयुष्मान आरोग्य मन्दिर फेकारी के आरएचओ बसंत साहू ने बताया कि कुष्ठ रोग पूर्व जन्म का पाप या देवी प्रकोप या बुरे कर्मों का फल नहीं है बल्कि माइकोबैक्टीरियम लेप्री नामक जीवाणु से होने वाला एक साधारण रोग है। यह रोग त्वचा एवं तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है।

■ ग्रामीणों को कर रहे जागरूक

उपचार से यह बीमारी पूरी तरह ठीक हो जाती है। यदि इस रोग का उपचार शीघ्र प्रथम लक्षण देखे शुरू कर दिया जाए तो अक्षमता और विकृति से भी बचाव हो सकता है। कुष्ठ रोग की दवा बहू औषधि उपचार (एमडीटी) सभी सरकारी अस्पताल एवं स्वास्थ्य केंद्र में मुफ्त में मिलती है। पर्यवेक्षक आरएस शांडिल्य ने बताया कि अभियान के सुचारू रूप से संचालन के लिए जनसंख्या के हिसाब से टीम का गठन किया गया है, जिसमे मितानिन मुख्य भूमिका में है। प्रत्येक टीम सदस्यों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने कुष्ठ रोग के संभावित लक्षणों के बारे में बताया कि जब त्वचा के रंग से हल्के फीके बदरंग लालिमा लिए हुए दाग हो ,इन दागों में सुन्नपन हो इन दागों में खुजली नहीं होती, चेहरे पर तेलिया तामिया चमक एवं छोटी-छोटी गठानें हो, हाथ पैर में लगातार झुनझुनी या सुन्नपन हो ,आँख के ऊपर के भौंह झड़ गए हो ,नाक चपटी हो गई हो,हाथ पैर में कोई विकृति हो तो शासकीय अस्पताल में तुरंत जाना चाहिए।






## छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन का आह्वान

# धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने और पर्याप्त टोकन जारी करने किसानों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामुल

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के आह्वान पर बुधवार 10 दिसंबर को सिरसा (जेवरा) और कोहका के धान खरीदी केन्द्र ढौर में किसानों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया और धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने तथा पर्याप्त संख्या में टोकन जारी करने की मांग की। प्रदर्शनकारी किसानों को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के संयोजक एडवोकेट राजकुमार गुप्त ने कहा कि इस बार किसानों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ा है। धान बोनी के समय किसानों को यूरिया और डीएपी खाद खरीदने के लिए सोसायटी के चक्कर काटना पड़ा, बाद में धान बेचने के लिए एग्रीटेक पोर्टल में पंजीयन कराने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ी। गिरदावरी में खसरा और रकबा की त्रुटियों को सुधरवाने पटवारी और तहसील कार्यालय के चक्कर काटना पड़ा और अब धान सरकार को बेचने के लिए मारामारी करना पड़ रहा है। पिछले साल की तुलना में धान खरीदी की लिमिट को कम करके 30-40 प्रतिशत तक सीमित कर दिया है। जिसके कारण किसानों को टोकन के लिए भटकना पड़ रहा है, उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि लगता है धान खरीदी करने पर राज्य सरकार की नीयत में खोट है और वह किसानों का पूरा धान खरीदी करने से बचने की कोशिश कर रही है।किसान संगठन के संयोजक एड राजकुमार गुप्त ने किसानों को एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया, सिरसा धान खरीदी केन्द्र के प्रदर्शन में सिरसा, जेवरा, भटगांव, करहीडीह, उरला सिकोला आदि गांवों के और कोहका धान खरीदी केंद्र ढौर के प्रदर्शन में कोहका, ढौर, जामुल, खेदामारा



### भाजपा सरकार किसानों के साथ : साहू

अंडा। भाजपा नेता सुरेश कुमार साहू जनसेवक ने सेवा सहकारी समिति मर्यादित निकुम में धान खरीदी का निरीक्षण किया। उन्होंने धान खरीदी का जायजा लिया तथा किसानों की समस्याओं से रूबरू हुए। इस दौरान जानकारी दी गई कि वर्तमान समय में समिति द्वारा 1307 क्विंटल प्रतिदिन धान खरीदी की जा रही है ,सेवा सहकारी निकुम में प्रतिदिन 2000 क्विंटल धान खरीदी की व्यवस्था है। किसानों की मांग को ध्यान में रखते हुए व समिति की व्यवस्था को देखते हुए सुरेश साहू ने शासन प्रशासन को धान खरीदी की मात्रा को बढ़ाकर 2000 क्विंटल प्रतिदिन धान खरीदी करने की मांग रखी है। जिससे किसानों को धान बेचने में हो रही समस्या से निजात मिलेगी।


न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202511101000202

**मामले की श्रेणी:- राजस्व**

विषय:- ब-121 सन:-2025-2026

कुरूद प.ह.न. 00046 [(हे0)]

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार मालती सिंह

अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मालती सिंह पिता केदारनाथ सिंह पता-भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.न.46 रा.नि. म. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.न. 1594/62 रकबा 0.020 भूमिमालती सिंह पिता केदारनाथ सिंह पता-भिलाई के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि की ऋण पुस्तिका कहीं गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्राप्त किये जाने बाबात आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनाक 16/ 12/2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/11/2025 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा०प्र०क०. 202512101000052/-ब-121 वर्ष 2025-26

एदत् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका जै. दीपक कुमार पिता स्व. जे. जगन्नाथ राजू निवासी - रामनगर भिलाई तह. त जिला दुर्ग, द्वारा अपने स्वयं की जन्म दिनांक 27.02.1981 को रामनगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) में होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस संबंध में आवेदक द्वारा अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आवेदन पत्र, पार्षद द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्र, अंकसूची, आधार कार्ड की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को इस संबंध में आपत्ति एवं दावा उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 22/12/2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनाक 05/12/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एव न्यायालय के पदमुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग (छ.ग.)

**प्रेस - विज्ञापन**

विषयः- सीमांकन बावत्।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसीलदार के आ. क्र. 136, दिनांकः 15/04/2025, के पालन में ग्राम सिकोला प.ह.न. 17. भूमिस्वामी श्रीनतीः चंदन परगनिहा, पति स्व. मोहन लाल परगनिहा, निवासी-दल्लीराजहरा, द्वारा आवेदित ग्राम सिकोला, स्थित भूमि खसरा नं. 294/95, रकबा 0.0220 हे. ब्लॉक डी. प्लाट नं. 25 का सीमांकन किया जाना है, जिसकी सीमा उत्तर में प्लाट नं. 24. दक्षिण में प्लाट नं. 26, पूर्व में प्लाट नं. 33. तथा पश्चिम में रास्ता स्थित है। उक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 24/12/2025 को पूर्वान्ह / अपरान्ह 11:00 बजे किया जावेगा। उक्त खसरा नं. के जितने टुकड़े हुए है, उन भूमिस्वामीयों को खसरा नंबर 294/95, रकबा 0. 0220 हे. की भूमि में कोई भी भूमि स्वामी प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज नक्शा, खसरा ले-आउट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा / आपत्ति पेश कर सकते है। तत् पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारी दिनांकः- 11/12/2025

राजस्व निरीक्षक
सिकोला
तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### पंडित धीरेंद्र शास्त्री की कथा में लगभग 100 समाजों के लगेंगे स्वागत द्वार

**भिलाई।** 25 से 29 दिसंबर तक जयंती स्टेडियम के बाजू में आयोजित होने वाली बागेश्वर धाम के आचार्य पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्री हनुमंत कथा को



लेकर विभिन्न तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। कथा स्थल पर कार्यालय का निर्माण अपने अंतिम स्वरूप पर है इस बार कथा में विभिन्न समाजों के द्वारा स्वागत द्वार के निर्माण के लिए अपनी सहमति प्रदान कर दी गई है इन स्वागतद्वारों पर समाजो के द्वारा अपने प्रमुख सामाजिक बंधुओं की तस्वीर एवं समाज की परंपरा एवं संस्कृति के अनुरूप सामाजिक चित्रण का प्रदर्शन पोस्टर एवं कलाकृतियों के माध्यम से किया जाएगा। कार्यालय निर्माण कार्य के बाद कार्यक्रम में अपनी सेवा प्रदान करने वालो का वालंटियर कार्ड बनाने के लिए कार्यालय में आधार कार्ड की फोटो कॉपी एवं एक फोटो लेकर वालंटियर कार्ड के लिए नाम आमंत्रित किया जाएगा। 15 दिसंबर को ध्वज पूजन का कार्यक्रम भी रखा जाएगा।

### स्वदेशी अपनाने की अपील



भिलाई। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एवं जिला भिलाई के आह्वान पर कोहका मंडल अध्यक्ष गोपाल साहू के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी दुकानदार एवं व्यापारियों के पास जाकर एक भारत श्रेष्ठ भारत, हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी अपनाने की अपील की गई। साथ ही जीएसटी में दी गई छुट की जानकारी दी गई। इस दौरान भाजपा जिला भिलाई के जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, महिला मोर्चा जिला भिलाई की अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, जिला भिलाई कोषाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

## भिलाई निगम में विशेष समीक्षा बैठक आयोजित

# ठेके में राजस्व वसूली फिर भी कमजोर आयुक्त ने कंपनी को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

**बकाया राशि नहीं देने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई**





निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में राजस्व करों की वसूली हेतु अपर आयुक्त, लेखाधिकारी, राजस्व टीम एवं अधिकृत एजेंसी श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि की उपस्थिति में वित्तीय वर्ष 2025-26 की राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

निगम आयुक्त द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत स्थित भवनों/भूमियों पर बकाया संपत्तिकर एवं अन्य करों की वसूली हेतु करदाताओं से संपर्क कर राशि वसूल करने राजस्व टीम एवं अधिकृत एजेंसी को निर्देशित किये हैं। निर्धारित लक्ष्य अनुसार करों की वसूली कम होने पर आयुक्त ने एजेंसी से नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में तेजी लाने निर्देशित किये है। करदाताओं से बकाया वसूली हेतु नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 173 के तहत तत्काल बिल जारी करने कहा गया है। निर्धारित अवधि में राशि का भुगतान नहीं करने पर अधिनियम की धारा 174 के अधीन मांग की सूचना जारी किया जाएगा। इसके बाद भी राशि जमा नहीं करते है, तो धारा 175 के तहत कुर्की की कार्यवाही की जायेगी।

राजस्व करों की वसूली हेतु एजेंसी को बड़े बकायादारों की सूची तैयार करने कहा गया है। साथ ही एजेंसी को एस.एम.एस. एवं व्हाटसअप के माध्यम से करदाताओं को सूचित करने निर्देशित किया गया है। राजस्व करों की वसूली हेतु प्रत्येक वार्ड में पर्याप्त कर्मचारी रखने एवं वार्ड में मुनादी कराने निर्देशित किये है। जिनका करदाताओं का संपत्तिकर आई.डी. में नाम दर्ज नहीं है, उनकी सूची तैयार करने एवं ऐसे भवनों/भूमि स्वामियों का संपत्तिकर आई.डी. में मोबाईल नंबर नहीं है, उसे अपडेट कराने कहा गया है।

## माता मंकिनम्मा की पूजा-अर्चना कर की क्षेत्रवासियों की सुख और समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



खुर्सीपार में आयोजित माता मंकिनम्मा शीतला माता साम्रलु महोत्सव में एचटीसी कंपनी के डायरेक्टर एवं सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू शामिल हुए। उन्होंने विधि-विधान के साथ माता की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सभापति भिलाई नगर निगम श्याम सुन्दर राव, सर्व समाज कल्याण समिति के पदाधिकारी मलकीत सिंह, जोगा राव, अनिल चौधरी, निर्मल सिंह निम्मे, शाहनवाज़ कुरैशी, रमन राव आदि उपस्थित थे।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

# पुलिस ने संदिग्ध स्थान पर दबिश और जांच की, 78 पौव्वा शराब की गई जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

पुलिस ने आपरेशन विश्वास एवं सुरक्षा अभियान के तहत जिला में शांति व्यवस्था कायम रखने अवैध मादक पदार्थो के बेचने

■ राजपत्रित अधिकारियों की निगरानी में हुई कार्रवाई

और परिवहन,चाकू हथियार से आतंक फैलाने वालों पर कार्रवाई की गई है। वाहनों की चेकिंग के लिए पुलिस व्दारा छावनी अनुविभाग क्षेत्र के थाना पुरानी भिलाई पुरैना स्टोर पारा,दुर्ग अनुविभाग के अटल आवास कॉलोनी बोरसी, भिलाई नगर अनुविभाग के तालपुरी नगर पुलिस अधीक्षक की निगरानी में विशेष पुलिस टीम



बनाई गई थी। यहां भोर 4 बजे दबिश दिया गया। पुरानी भिलाई क्षेत्र में 78 पौव्वा शराब, गाँजा बरामद किया गया है। वहीं जीवन की रक्षा और परिवहन व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सड़क किनारे लापरवाही पूर्वक असुरक्षित तरीके से वाहन को खडा करने के कारण लगातार हो रहे घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने वाहन चालाक, स्वामी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई किया।

**अड्डेबाजी करने वालों पर शिकंजा**

8 वाहन स्वामियों के खिलाफ धारा 285 भारतीय न्याय संहिता के तहत वैधानिक कार्रवाई कर वाहनों को जप्त किया। चालाक स्वामी के खिलाफ दुर्ग पुलिस का कार्रवाई जारी है। थाना जामुल, सुपेला में 2 व 2 प्रकरण, पद्मनाभपुर, कुम्हारी, पुरानी भिलाई, नंदनी में 1 -01 प्रकरण दर्ज है। शराब का सेवन कर अपराध घटित करने वालो और अपराधों के रोकथाम, अड्डेबाजी कर माहौल खराब करने वाले असामाजिक तत्वो, अवैध गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों को प्रतिबंधित किए जाने विशेष अभियान चलाया गया। आबकारी एक्ट के तहत 29 प्रकरण दर्ज किए गए है। पद्मनाभपुर में 7, मोहन नगर 5, जामुल, वैशाली नगर, नंदनी 3 -3, सुपेला, भिलाई नगर, पुरानी भिलाई 2 -2, अंजोरा, जेवरा सिरसा, नेवई 1 -1 प्रकरण दर्ज है।

## विभागीय कार्य में कसावट लाने 5 कर्मचारियों का स्थानांतरण आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर अपर आयुक्त ने पूर्व जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए कार्यालयीन व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु निगम के 5 नियमित कर्मचारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किये है। महेश कुमार देवांगन सहायक ग्रेड-3 भवन अनुज्ञा शाखा से जोन-4 खुर्सीपार राजस्व विभाग, सौरभ वर्मा प्रोसेस सर्वर सामान्य प्रशासन विभाग से लेखा शाखा, कुमारी बाई देवांगन कुक महिला एवं बाल विकास विभाग से अधीक्षण अभियंता कक्ष क्रं. 47, रामकुमारी देवांगन सफाई कामगार उद्यान विभाग से अपर आयुक्त कक्ष एवं कांति बाई सफाई कामगार उद्यान विभाग से जनगणना विभाग भेजा गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

20 वर्षों से

बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,

25 शीटें शेष

राशि:- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354 411411

## दिव्यांग जनों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने विधायक सेन की पहल, दिलाएंगे नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

विधायक कार्यालय में रिकेश सेन 12 दिसंबर से ही एक और नई व्यवस्था का शुभारंभ करने जा रहे हैं। इसके तहत निःशक्त व दिव्यांगों को नौकरी उपलब्ध कराई जाएगी। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि दूरस्थ कार्य और प्रौद्योगिकी-आधारित क्षेत्रों जैसे सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा एंट्री, साइबर सुरक्षा, लेखन, अनुवाद में,



जहां वे घर बैठे काम कर सकते है। विधानसभा के दिव्यांगों को अब सामाजिक सहयोग से उन्हें निजी क्षेत्र में नौकरी दिलाने की व्यवस्था की जाएगी। दिव्यांग जनों को आर्थिक रूप सुदृढ़ बनाने उनके लिए नौकरी व रोजगार की चिंता अब परिजनों को नहीं करनी है। ऐसे लोग विधायक कार्यालय जीरो रोड शांति नगर, जैन मंदिर के सामने स्थित कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के लिए रोजगार व नौकरी के अवसर इसलिए ज़रूरी हैं क्योंकि यह उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता, सम्मान, सामाजिक जुड़ाव और आत्म-सम्मान दिलाता है, साथ ही उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़कर उनकी क्षमताओं का उपयोग करता है। जिससे वे आत्मनिर्भर बनते हैं और समाज में सकारात्मक योगदान दे पाते हैं। यह न केवल उनके व्यक्तिगत विकास के लिए बल्कि कंपनियों और समाज के लिए भी फायदेमंद है क्योंकि यह विविधता लाता है और सभी के लिए समावेशी कार्यस्थल बनाता है। नौकरी से दिव्यांगजन दूसरों पर निर्भर हुए बिना अपना जीवन जी सकते हैं और अपनी ज़रूरतों को पूरा कर सकते हैं। काम करना उन्हें समाज का हिस्सा महसूस कराता है, नए दोस्त बनाने और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर देता है, जिससे उनकी पहचान मजबूत होती है। उनकी आत्मनिर्भरता यह साबित करती है कि वे सिर्फ अपनी अक्षमताओं से परिभाषित नहीं होते, बल्कि उनके पास कौशल और प्रतिभा है जो कार्यस्थल के लिए मूल्यवान है। इसलिए उन्होंने अपनी विधानसभा में यह व्यवस्था शुरू करने का निर्णय लिया है जिसके तहत दिव्यांगजनों को निजी क्षेत्र में नौकरी की व्यवस्था कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की ओर वो कदम बढ़ाने संकल्पित हैं।

# शादी का झांसा देकर महिला से ठगी, आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



महिला से अपनी शादी को छिपाकर दोबारा शादी कर लाखों रुपए का महिला से ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी

तरातमा बंगलोत प्लाट नं 2 शिवम पार्क माधापारा गुजरात निवासी आरोपी बीरेन्द्र कुमार सोलंकी ने अपनी पहचान व पूर्व में किए शादी को छिपाकर दोबारा शादी किया। फरवरी 2022 में 2 लाख रूपये पीड़िता से लिया और जनवरी 2024 में 6 लाख कैश भी लिया। ये दोनो रकम पीड़िता बैंक से लोन लेकर आरोपी को रकम दिया। जिसका ब्याज आज तक बैंक से कटता है। शादी के बाद भी पैसे की जरूरत पड़ती तो पीड़िता ने अपने जेवलरात गिरवी रखवाकर 1. 30 लाख का गोल्ड लोन लिया। आरोपी बीरेन्द्र 2021 से 2024 तक विभिन्न किश्तों में

■ अखबारों में झूठा शादी का विज्ञापन छपाया था

गुगल पे, एकाउंट पे से 18 लाख रुपए लिया। पीड़िता से 32 लाख रूपये आरोपी ले चुका है। 2024 में दुर्ग आने पर घर में पीड़िता की अनुपस्थिति के समय 12 लाख रूपये लेकर पीडिता से ठगी किया। पुलिस ने आरोपी बीरेन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।


**ऐसे झांसा में लिया करता था**

अखबारों में शादी का विज्ञापन दिया करता था। महिला इसके झांसे में आया करती थी तो उससे शादी कर उसकी सारी संपति को लेकर फरार हो जाया करता था। आरोपी बीरेन्द्र शुरु से ही शातिर और बड़ा ठग है। महिला की शिकायत के बाद पुलिस जब खोजबीन करना शुरु किया तो ठिकाना बदल-बदल कर रहने लगा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## निगम आयुक्त पांडेय ने दिए निर्देश

# नवनिर्मित सड़क एवं इंडोर स्टेडियम का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई जोन-4 शिवाजी नगर खुर्सीपार अंतर्गत नवीन डामरीकरण सड़क, नवनिर्मित सामुदायिक भवन, निगम स्वामित्व के भूखण्ड सहित इंडोर स्टेडियम का अवलोकन निगम आयुक्त द्वारा किया गया।

निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे द्वारा वार्ड क्रं. 51 पंडित दीनदयाल कालोनी में नवीन डामरीकरण सड़क निर्माण का अवलोकन किया गया है। नवीन डामरीकरण रोड का लागत 99 लाख है । इस सड़क के निर्माण से सैकड़ो राहगीरों को आने-जाने में सुविधा मिलेगी। कालोनी में ही नवीन सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है, जहां पार्किंग एरिया में पूर्व से लगे पेवर ब्लाक को साफ-सफाई एवं व्यवस्थित कराने उप अभियंता चंद्रकांत साहू को निर्देशित किये हैं। निगम स्वामित्व के भूखण्ड का अवलोकन करते हुए भूखण्ड से निगम की आय बढ़ाने के संबंध में चर्चा की गई है। आयुक्त द्वारा खुर्सीपार में इंडोर स्टेडियम में चल रहे संधारण कार्य का अवलोकन किया गया एवं बेहतर व्यवस्था हेतु साफ-सफाई कराने जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी को निर्देशित किया गया है। साथ ही स्टेडियम को रूचि की अभिव्यक्ति बुलाकर निजी संस्था को दिये जाने के संबंध में चर्चा किया गया। जिसके कार्यवाही हेतु कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा को निर्देशित किये है। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव, सुपरवाइजर वेंकट सहित जोन-4 के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुध्र कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्षिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाज़ार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्घोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण –** 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति पु्नीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण –** 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 12 दिसंबर 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

सामाजिकजनों का हुआ सम्मान



लाइव इवेंट

## 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 31 से रिसाली में, अनुष्ठान के लिए हुआ भूमिपूजन



**भिलाई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 31 दिसम्बर से 3 जनवरी तक छोटा दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर भिलाई में राष्ट्रिय शौर्य समृद्धि के लिए 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस आध्यात्मिक अनुष्ठान और 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की विधिवत शुरुआत भूमिपूजन कर की गई। इस दौरान 500 गायत्री परिजनों और गणमान्य नागरिकों द्वारा अनुष्ठान यज्ञ की सफलता के लिए वेद मंत्र का सस्वर उच्चारण कर 33 कोटि देव शक्तियों का आवाहन किया गया। यज्ञ स्थल का भूमिपूजन गायत्री साधना केन्द्र रिसाली के वरिष्ठ प्रज्ञापुत्र महेन्द्र वर्मा, पृथ्वीपाल साहू, सुनील वैष्णव, रामस्वरूप साहू, भूपेन्द्र मेश्राम द्वारा सम्पन्न कराया गया।गायत्री परिवार के कार्यकर्ता मोहन उमरे ने बताया कि भूमिपूजन किसी भी धार्मिक अनुष्ठान और यज्ञ की सफलता के लिए उस स्थान तथा आस-पास के क्षेत्र को आध्यात्मिक उर्जा से ओतप्रोत और शुद्धिकरण करने का एक महत्वपूर्ण प्रथम चरण होता है।इस अवसर पर रमशीला साहू, डॉ. दयाराम साहू, महापौर शशि सिन्हा, डॉ एस. कुमार, डॉ लक्षप्रद नंदुकर, डॉ रानू लक्षप्रद नंदुकर, श्रद्धा साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग, धीरज लाल टांक, रामस्वरूप साहू, कृष्णा साहू, डॉ कामता प्रसाद साहू, कविता साहू, मोहन उमरे, योगेश साहू, डॉ वाई.के. साहू, रामाधार महिलांग, के.पी.बघेल, वर्षा वापरे, सत्यभामा चन्द्राकर, पावन उइके, राजेन्द्र वानखेड़े, डॉ अमृत गुरूवेन्द्र, टेक राम साहू, भुवन साहू, रोमलाल साहू, नरेश वर्मा, सदानंद साहू, सरिता साहू, सरस्वती उमरे, हीरा बाई साहू, मयंक सहित दुर्ग,भिलाई और अंचल के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे। भूमिपूजन के बाद से आयोजन के लेकर सभी स्तर पर तैयारियां शुरु हो गई है।




● महाराष्ट्रीय ब्राह्मण जागृति सभा भिलाई व दुर्ग का 11वां वार्षिक सम्मेलन

# नाटक में संत गजानन के चरित्रों का किया बखान, हास्य नाटिका ने गुदगुदाया, पारंपरिक वेशभूषा में दी नृत्य की प्रस्तुति

**भिलाई। महाराष्ट्रीय ब्राह्मण जागृति सभा भिलाई-दुर्ग का 11वां वार्षिक उत्सव समरसता समारोह के रूप में कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में आनंद और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सामाज की बच्चियों और महिलाओं दवरा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। जिसमें महिलाओं ने संत गजानन महाराज के दिव्य चरित्रों का बखान नाटक के माध्यम से किया तो वही हास्य नाटिका ने सभी को खूब हंसाया और गुदगुदाया। साथ ही पारंपरिक वेशभूषा में छत्तीसगढ़ी नृत्य की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. अतुल मनोहरराव देशकर ने भगवान गणेश और परशुराम की पूजा से की। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण वर्ग पुरोहिती से आगे बढ़ते हुए प्रत्येक क्षेत्र में उत्तरोत्तर उन्नति करते हुए विशेष पहचान बना रहा है। इसके लिए एकजुटता अत्यंत आवश्यक है। समाज के हर व्यक्ति का उद्देश्य प्रत्येक क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति करते हुए आगे बढ़ते रहना ही होना चाहिए। समाज के अध्यक्ष श्रीराम कुलकर्णी ने समाज को एकजुट कर आगे बढ़ने की सीख दी।**

### प्रतिभावान को किया गया सम्मानित

समारोह में होनहार बच्चों में 10वीं कक्षा के सार्थक देशपांडे, स्मृद्धि कठाळे, रितुजा सकदेव, कृतिका दीक्षित, 12 कक्षा में अथर्व गोखले, हर्षिता कापरे, खेलकूद में अध्याय देशमुख, व्यवसायिक क्षेत्र में कीर्ती तापस सहित उत्कृष्ट प्रतिभावानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रीराम कुलकर्णी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभय कठाले, महासचिव प्रशांत देशपांडे, सामाजिक सचिव हेमंत नाईक, कोषाध्यक्ष राजीव फत्तेखानी, सचिव विनय गडकर, सचिव आशीष करमरकर, मुकुंद अवधूत, सचिव अजित मोने, संजय तनखीवाले, उपाध्यक्ष सीमा वझलवार उपस्थित रहे।




### नृत्यों ने मोहा मन

ब्राह्मण जागृति सभा की महिला सदस्यों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में छत्तीसगढ़ी गीत और सामूहिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुती हर्षिता दशपुत्रे, सारिका फाटक, वंदना देशपांडे, उत्तरा ओखदे, शुभांगी शिवडीकर, भावना पानसे, तेजस्वीनी औरंगाबादकर, मीनल आगरकर दी गई। सभी महिला कलाकारों और पुरुष कलाकारों सहित बच्चों द्वारा देशभक्ती गीतों से सभागार में उपस्थित दर्शकों में ऊर्जा का संचार कर दिया। कार्यक्रम के अंत में महासचिव प्रशांत देशपांडे ने ब्राह्मण जागृति सभा के उद्धेश्य व लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित हुए सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन कविश गोखले ने किया।

### गजानन महाराज के नाटक में दिखाया उत्तम चरित्र

आयोजन स्थल के स्वागत दवर पर सोनाली शिंगणे, अश्विनी कठाले और पल्लवी अवधूत द्वारा हिंदु संस्कृति को दर्शाती रंग-बिरंगी सुसज्जित रंगोली ने सभी लोगो का ध्यानाकर्षण कराया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत साध्वी अवधूत द्वारा भक्ति भाव के साथ पारंपरिक गणपती बाप्पा की आरती की प्रस्तुती देकर की गई। जिसके बाद संत गजानन महाराज के चरित्र पर आधारित नाट्य नृत्य की सुनीता पाळेकर, वनिता मंडल ने प्रस्तुति दी। जिसमें गजानन महाराज की भूमिका में वेदांत खरे, अन्य पात्रों में समीक्षा कौराव्ने, मीनल गोखले, कुंदा खानखोजे, अनुराधा फाळके, सुधा, विशाखा, शीतल हडोले द्वारा अप्रतिम प्रस्तुती दी गई। मुकुंद अवधूत और अजित मोने ने हरा पनीर हास्य नाटिका में लोगो को खूब हंसाया।



सिटी इवेंट

## एड्स के विरुद्ध किया जागरूक कारण और जांच पर की चर्चा



**भिलाई।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई तीन में विश्व एड्स दिवस पर शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम "व्यवधान पर काबू पाना ओर एड्स प्रतिक्रिया को बदलना" है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया नोडल अधिकारी डॉ सी बी एस बंजारे और एड्स नियंत्रण अभियान नोडल अधिकारी डॉ अभिषेक श्रीवास्तव ने इस मौके पर जागरूकता संदेश दिए। इन प्रमुख लोगों ने कहा कि 'एड्स का ज्ञान बचाए जान' अपने आप में बड़ी लाइन है।

■ भिलाई तीन में शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन

इस रोग के प्रति जानकारी रोकथाम का मजबूत आधार है। गोदना और टैटू बनाने में सतर्कता बरतनी चाहिए क्योंकि एड्स और एच आई वी का प्रमुख कारण संक्रमित सुई और संक्रमित रक्त का चढ़ाना है। वहीं असुरक्षित यौन संबंध बनाने से बचना चाहिए। आयोजन में डॉ. अर्चना चौहान जिला कार्यक्रम प्रबंधक और डॉ. भूमिका वर्मा की सक्रिय भागीदारी रही।इस संदर्भ में बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया दूसरे इसके लिए एड्स के परीक्षण और उपचार तक पहुंच बढ़ाने का काम करना होगा।

सभी को मिलकर लक्षणों वाले प्रभावित लोगों तक जांच की हर सुविधाएं उपलब्ध करानी होगी। वहीं हम सभी को एड्स के साथ जीने वालों को भेदभाव और कलंक जैसी दुर्भावना को कम करने काम करना पड़ेगा।सैय्यद असलम ने बताया एच आई वी, एड्स व सिफलिस के मरीजों का नाम गोपनीय रखा जाता है प्रत्येक जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल में ए आर टी सेंटर बनाएं गए हैं जहां इनकी जांच, परिजनों की जांच और दवाइयां निशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। इस संबंध में स्कूलों-कॉलेजों और ट्रांसपोर्ट एरिया में विस्तृत जानकारी के लिए खुले मंच पर चर्चा करना चाहिए। कार्यक्रम में एल एच व्ही आर विश्वास, एएनएम वर्षा वर्मा, हेमलता निर्मलकर, थानेश्वरी, हर्षा मानिकपुरी, पी स्वामी, राज, विजय लक्ष्मी, देविला चंद्राकर, उषा वर्मा, यशवंत साहू, कुमेश साहू, जितेन्द्र पटेल, आलिया खातून, डुलेश्वर यादव, भूपेन्द्र सिन्हा, रेखराम साहू, प्रभात यादव, विधा कहरे, निवेश प्रधान, नीना चक्रवर्ती और संध्या वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## परामर्शदात्री समिति की बैठक 19 दिसंबर को

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 19 दिसंबर को शाम 5 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सर्व विभाग, कार्यालय प्रमुख अधिकारियों को सम्बंधित विभाग की अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

# दलाई लामा के नोबेल पुरस्कार के 36 वर्ष पूरे, ऊलन मार्केट में मनाया उत्सव, दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति

**भिलाई।** तिब्बती समुदाय के धर्म गुरु पूज्य दलाई लामा के नोबेल शांति पुरुस्कार के 36वें वर्ष पूरे होने पर आज दुर्ग-भिलाई में वर्षो से ठंड के मौसम में गर्म कपड़े के कारोबार करने वाले टेपेटिन उलन मार्केट के व्यवसायियों द्वारा भिलाई पवार हाउस में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय उपस्थित हुई। जहां आयोजन समिति के लोगो ने समुदाय के अध्यक्ष सोनम थेरिंग के नेतृत्व में मुख्य अतिथि सरोज पाण्डेय का गर्मजोशी से स्वागत कर बिहार में भाजपा गठबंधन की एकतरफा जीत पर बधाई भी दिया।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सरोज पाण्डेय ने दलाई लामा के तैलचित्र का पूजन कर कहा कि विश्व में शांति व भाईचारा का संदेश देने वाले परम पूज्य दलाई लामा 10 दिसंबर 1989 में यूरोप के उसलो शहर में विश्व की सबसे बड़ी शांति पुरुस्कार नोबेल शांति से सम्मानित किया गया था जिसका 36वें वर्ष पूरे हो गए है। इसके लिए इस समुदाय से जुड़े टेपेटिन उलन मार्केट दुर्ग भिलाई के व्यवसायियो को शुभकामनाएं देती हु जो विश्व बंधुत्व व शांति का संदेश देने वाले पूज्य दलाई लामा के अनुयाई है उनके बताए मार्ग पर चलकर ही हमे उन्नति का मार्ग मिलेगा। इस अवसर पर टेपेटिन उलन व्यवसाय अध्यक्ष सोनम थेरिंग नमखा खंडों,लोकसंग थ्रेनिग चोसंग, टेंजियन ईशी सहित तिब्ती समुदाय के अनेक लोग उपस्थित थे।





## वार्षिक खेलकूद में खूब खेले बच्चे

**भिलाई।** प्रयास श्रवण दिव्यांग संस्थान, जी.ई. रोड सुपेला भिलाई में वार्षिक खेलकूद उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया।



जिसमें दिव्यांग बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस खेलकूद उत्सव में टीचर्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के बच्चों ने भी हिस्सा लिया एवं बच्चों ने पुरस्कार भी जीते। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तनवीर अकील जिला क्रीडा अधिकारी और ए.पी. गौतम समाज कल्याण विभाग दुर्ग मौजूद रहे। लायंस चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी प्रकाश गोल्छा, अशोक सूरी, सचिव विपिन बंसल, लायंस पिनाकल मेम्बर्स और अतिथियों ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। खेलकूद में जीतने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सभी बच्चों को रिफ्रेसमेंट कराया। प्रयास श्रवण दिव्यांग संस्थान के प्राचार्य डॉ. राजेश पाण्डेय ने कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त करते हुए बच्चों को आगे बढ़ने प्रेरित किया।

रिसाली में आयोजित त्रिवेणी ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पांचवे दिन उमड़ी भक्तों की भीड़

# त्रिवेणी ज्ञान यज्ञ सप्ताह : धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव झूमे श्रद्धालु, कथावाचक ने कहा- जो दुख में काम आए वो भगवान

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** भगवान की कृपा सभी पर बराबर रहती है। धरती पर जब-जब भगवान की जरूरत पड़ी तब-तब भगवान ने अवतार लिया और अपने भक्तों का दुख दूर किया। द्वापर युग में भगवान ने श्रीकृष्ण के रूप में जन्म लिया और अपने भक्तों का दुख दूर किया। यह बातें रिसाली में चल रहे भागवत कथा के दौरान कथावाचक ने कही। गुरुवार को कृष्ण जन्मोंत्सव भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

शिव मंदिर परिसर इस्पात नगर रिसाली में आयोजित त्रिवेणी ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पांचवे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बेमेतरा वाले पंडित भूपत नारायण शुक्ला ने इस मौके पर कहा कि जो दुख में काम आए वह भगवान है।




### भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मानव को मोक्ष की प्राप्ति

रिसाली में आयोजित त्रिवेणी ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान बड़ी संख्या में भक्त कथा का श्रवण कर रहे हैं। मुख्य जजमान विष्णु पाठक व उनके परिवार द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन में गुरुवार को रामज्ञानी दास महात्यागी गोंदिया महाराष्ट्र से पहुंचे और अपना आर्शीवचन दिया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मानव को मोक्ष मार्ग की प्राप्ती होती है। इसके संस्मरण व अलग अलग प्रसंग लोगों को भगवान की महिमा के दर्शन कराती हैं।

### पापियों का नाश करने भगवान लेते हैं जन्म

कथा को आगे बढ़ाते हुए पंडित भूपत नारायण शुक्ला ने भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव की कथा का विस्तार वर्णन किया। पंडित शुक्ला ने कहा कि जब जब पृथ्वी पाप के बोझ से दबने लगती है तथा पाप बढ़ता है तब तब श्री हरि अवतार लेकर पाप और पापी का नाश कर पुनः धर्म को स्थापित करते हैं। मथुरा के राजा कंस ने पाप का आचरण करते हुए अपने ही पिता को कारावास में डालकर सत्ता पर आसीन होकर प्रजा पर अत्याचार किया तथा जब उसे पता चला कि उसकी सगी बहिन देवकी की आठवीं संतान ही उसके काल का कारण बनेगी तो उसने बहन देवकी व उसके पति वासुदेव को कारावास में बंद कर दिया। इसके बाद भी श्री हरि की कृपा से माया के कारण कारावास के बंद पड़े द्वार खुल गए व मायावश वासुदेव भगवान कृष्ण को उफनती यमुना को पार कर सकुशल बाबा नंद के घर छोड़ देते है तथा बाबा नंद के घर में पुत्र होने का समाचार पाकर पूरे नंद में आनंद छा जाता है।गुरुवार को कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के भगवान कृष्ण की बाल्यावस्था की सुंदर झांकी सजाई गई तथा उपस्थित जन समूह ने भगवान की जय-जयकार की। कथा वाचक पंडित शुक्ल ने कथा के दौरान श्रोताओं को नए साल के अवसर पर चाय जूस पीने की जगह एक चम्मच गंगा जल पीने का आह्वान किया।



## स्पोर्ट्स इवेंट

# छत्तीसगढ़ राज्य बेंच प्रेस प्रतियोगिता 14 को दुर्ग में, खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम



**दुर्ग।** क्रीड़ा भारती जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन और छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 14 दिसंबर रविवार को बीआईटी कॉलेज दुर्ग में छत्तीसगढ़ राज्य सब जूनियर, जूनियर, सीनियर व मास्टर बेंच प्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों का चयन आगामी माह राष्ट्रीय बेंच प्रेस प्रतियोगिता हरियाणा के लिए किया जाएगा।

- बेस्ट लिफ्टर महिला और पुरुष वर्ग को नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी से किया जाएगा सम्मानित

दुर्ग जिला आयोजन समिति के सचिव प्रिंस पीयुष टंडन ने बताया कि प्रतियोगिता के तैयारियों को लेकर संघ द्वारा बैठक आयोजित की गई। इसमें बताया गया कि प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के लगभग 150 से 200 खिलाड़ी व ऑफिशल शामिल होंगे। प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। साथ ही बेस्ट लिफ्टर महिला एवं पुरुष वर्ग को नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी दी जाएगी। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के लिए भोजन एवं रुकने की व्यवस्था की गई है।

## धर्म लाइव

# श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य को सही मार्ग पर चलने की मिलती है प्रेरणा



**भिलाई/उतई।** ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने पाऊवारा में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की पत्नी स्वर्गीय कमला देवी साहू की पुण्य स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए। विधायक ने व्यास पीठ की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और स्व. कमला देवी साहू जी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

- श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में शामिल हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य को जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि स्व. कमला देवी साहू एक महान व्यक्तित्व की धनी थीं, जिन्होंने अपने जीवन में समाज सेवा और धर्म के कार्यों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू सहित परिवारजन एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



## सिटी इवेंट

# देश में मौलिक अधिकारों का हो रहा निरंतर हनन




**भिलाई।** पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर सेक्टर-9 में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने वर्तमान परिस्थितियों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज देश में मौलिक अधिकारों का निरंतर हनन हो रहा है, जो मानवाधिकारों के स्पष्ट उल्लंघन की स्थिति पैदा करता है। महासचिव कलादास डेहरीया ने बताया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का अधिकार लगातार सीमित किया जा रहा है। आम नागरिकों का रोटी, कपड़ा, आवास जैसे बुनियादी अधिकारों पर संकट गहराता जा रहा है। जल-जंगल-जमीन को कॉर्पोरेट कंपनियों के हाथों सौंपे जाने से आदिवासी समुदाय, किसान और मज़दूर अपने पारंपरिक अधिकारों से वंचित हो रहे हैं, जिससे उनके मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन हो रहा है। शिक्षा और स्वास्थ्य के बढ़ते निजीकरण ने आम जनता की पहुंच को सीमित कर दिया है, जिससे सामाजिक असमानता और बढ़ रही है। संगोष्ठी में यह भी कहा गया कि इस भयावह सामाजिक व आर्थिक संकट के दौर में मानवाधिकारों की रक्षा के लिए संगठित संघर्ष ही एकमात्र मार्ग है। कार्यक्रम में चमेली, महेश, मन्नु, संजना, ब्रम्हा, मैरी, मोहन, देवैया, निरा, भावना, संतोषी सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

- अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर सेक्टर-9 में संगोष्ठी का आयोजन

## आईआईटी भिलाई में ऑर्बिटल केमसाइ सिम्पोजियम 2025 ने ग्लोबल साइंटिफिक एक्सीलेंस दिखाया

# जाने-माने साइंटिस्ट, एल्युमनाई और स्टूडेंट्स एक दिन के साइंटिफिक एक्सचेंज के लिए हुए एक साथ, दिया प्रेजेंटेशन

**भिलाई।** आईआईटी भिलाई के केमिस्ट्री डिपार्टमेंट द्वारा ऑर्बिटल केमसाइ सिम्पोजियम 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें जाने-माने साइंटिस्ट, एल्युमनाई और स्टूडेंट्स एक दिन के साइंटिफिक एक्सचेंज के लिए एक साथ आए। कैंपस में हुए इस सिम्पोजियम में इनवाइटेड लेक्चर, एल्युमनाई इंटरेक्शन और केमिकल साइंसेज और इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च के फ्रंटियर एरिया में स्टूडेंट प्रेजेंटेशन का एक रिच सीक्वेंस था।

कार्यक्रम की की शुरुआत केमिस्ट्री डिपार्टमेंट के एसोसिएट हेड डॉ. आर. मायल मुरुगन और सिम्पोजियम के कन्वीनर डॉ. अरूप मुखर्जी ने पार्टिसिपेंट्स का स्वागत किया और सालाना ऑर्बिटल केमसाइ सीरीज़ के पीछे के विज़न को आउटलाइन किया। इसके बाद आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश ने इनॉगरल एड्रेस दिया, जिसमें उन्होंने एक मज़बूत रिसर्च इकोसिस्टम और इंटरनेशनल कोलेबोरेशन को बढ़ावा देने के लिए इंस्टीट्यूट के कमिटमेंट पर ज़ोर दिया।



### मेटल आयन-बेस्ड केमिस्ट्री का दिया उदाहरण



टेक्निकल प्रोग्राम की शुरुआत यूनिवर्सिटी ऑफ़ हीडलबर्ग, जर्मनी के प्रो. पीटर कॉम्बा के एक खास लेक्चर से हुई, जिन्होंने क्यूरियोसिटी-ड्रिवन फंडामेंटल साइंस, इनोवेशन और ट्रांसफर, मेटल आयन-बेस्ड केमिस्ट्री के उदाहरण पर बात की। सेशन में साइंटिफिक मोमेंटम को प्रो. होल्गर गोहल्के हेनरिक हाइन यूनिवर्सिटी, डसेलडोर्फ के असरदार लेक्चर में उन्होंने एंजाइमोलॉजी और एग्रीकल्चरल साइंस में मॉलिक्यूलर मशीन लर्निंग के एप्लीकेशन पर बात की। ऑर्बिटल केमसाइ सिम्पोजियम 2025 ने हाई-क्वालिटी रिसर्च और इंटरनेशनल साइंटिफिक एंगेजमेंट के लिए एक उभरते हुए सेंटर के तौर पर आईआईटी भिलाई की भूमिका सराहनीय रही। जो केमिकल साइंस कम्युनिटी के अंदर नॉलेज एक्सचेंज और फ्यूचर कोलेबोरेशन के लिए एक डायनामिक प्लेटफॉर्म देता है।

### मेटल-ऑक्सीजन स्पीशीज पर किया टॉक



आईआईटी गुवाहाटी के प्रो. सी. वी. शास्त्री ने छोटे मॉलिक्यूल एक्टिवेशन के लिए बाइफंक्शनल कैटलिस्ट और एल्डिहाइड ऑक्सीडेशन में मेटल-ऑक्सीजन स्पीशीज पर अपनी इनवाइट टॉक से प्रोग्राम को और बेहतर बनाया। उनकी गहरी बातचीत ने एक इंटेलेक्चुअली से लोगो को बांधे रखा। सुबह के सेशन में डॉ. दीप चौधरी ने एलुमनाई टॉक भी किया, जिसमें उन्होंने मैंगनीज-बेस्ड कैटेलिटिक ट्रांसफर हाइड्रोजनेशन पर अपनी हालिया रिसर्च के साथ-साथ दूसरी स्टूडेंट टॉक भी पेश की।

### स्कॉलर्स ने दिखाएं अपने रिसर्च

पूरे दिन ग्यारह स्टूडेंट प्रेजेंटेशन की एक सीरीज़ ने आईआईटी भिलाई के स्कॉलर्स की अलग-अलग रिसर्च ताकत को दिखाया, जिसमें एडवांस्ड कैटेलिटिक सिस्टम, पॉलीमेरिक स्मार्ट मटीरियल, मेडिकल इमेजिंग के लिए मेटल कॉम्प्लेक्स, कम्प्यूटेशनल मैकेनिस्टिक स्टडीज़, विज़िबल-लाइट ट्रांसफॉर्मेशन और कार्बन-बेस्ड इलेक्ट्रोड और बिस्मथ पेरोव्स्काइट्स सहित एनर्जी मटीरियल शामिल थे। उनके योगदान ने मॉडर्न केमिकल साइंस और मल्टीडिसिप्लिनरी रिसर्च में इंस्टीट्यूट की बढ़ती मौजूदगी को दिखाया। इस दौरान आईआईटी रुड़की के प्रो. ई. ज्ञानमणि ने माइक्रोड्रॉपलेट-असिस्टेड ऑर्गेनिक सिंथेसिस पर एक टॉक दी, जिसमें रिएक्शन मिनिएचराइज़ेशन में उभरते ट्रेंड्स पर रोशनी डाली गई। सिम्पोजियम में एक वाइब्रेंट पोस्टर सेशन और नेटवर्किंग इंटरैक्शन भी होस्ट किए गए, जिससे युवा रिसर्चर्स को कीमती एक्सपोज़र और मिलकर काम करने के मौके मिले। कार्यक्रम का समापन ऑर्गनाइज़िंग कमिटी के क्लोजिंग रिमार्क्स के साथ हुआ। जिसमें सभी अटेंडीज़ की एक्टिव पार्टिसिपेशन और इनसाइटफुल कंट्रीब्यूशन की तारीफ़ की गई।

## जिला साहू संघ का कार्यकारिणी चुनाव

# जिला साहू संघ भिलाईनगर पहला जिला, यहां अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी सर्वसम्मति



**भिलाई।** जिला साहू संघ भिलाईनगर की कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। सर्वसम्मति से चन्द्रभूषण साहू अध्यक्ष, सेवाराम साहू व रुखमणी साहू उपाध्यक्ष, जीवनलाल साहू व लीना साहू संगठन सचिव चुने गए। प्रदेश में यह पहला जिला है जहां सर्वसम्मति से पदाधिकारी चुने गए। नामांकन फार्म भरने के बाद बैठक हुई। इसमें समन्वय बनने के बाद आपसी सहमति से सभी पदों में निर्विरोध चुनाव हो गया। अध्यक्ष पद हेतु चंद्रभूषण साहू , निखिलेश साहू, डॉ शैलेंद्र साहू ने नामांकन भरा था। दोनों ने अध्यक्ष हेतु चंद्रभूषण साहू के नाम पर सहमति दे दी। पुरुष उपाध्यक्ष हेतु सेवाराम साहू के नाम पर ईश्वर साहू थंगेश्वर साहू ने, महिला उपाध्यक्ष के लिए रूखमणी साहू के नाम पर चंचल साहू ने , पुरुष संगठन सचिव के लिए जीवन लाल साहू के नाम पर नेमचंद ने, महिला संगठन सचिव के लिए लीना साहू के नाम पर मंजूषा साहू ने सहमति दे दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी हलधर गंगबेर ने सभी पदाधिकारियों के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा कर दी। सहायक चुनाव अधिकारी पूनाराम कलिहारी थे।

**अध्यक्ष चंद्रभूषण, उपाध्यक्ष सेवाराम व रूखमणी, जीवनलाल-लीना संगठन सचिव निर्वाचित**

### पर्यवेक्षक के रूप में ये थे उपस्थित

चुनाव में पर्यवेक्षक के रूप में रूपेश साहू, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ से संगठन सचिव डॉ. सुनील साहू , संयुक्त सचिव प्रदीप साहू एवं समन्वय समिति में पूर्व मंत्री रमशीला साहू , प्रदेश के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष खिलावन साहू , निवर्तमान भिलाई जिला अध्यक्ष हरिद्वारिका साहू, साहू मित्र सभा भिलाई तहसील अध्यक्ष खेदराम साहू , जामुल तहसील अध्यक्ष जनक राम साहू ,तहसील साहू संघ रिसाली के अध्यक्ष डॉ कामता साहू ,तहसील साहू संघ भिलाई 3 चरोदा की उपाध्यक्ष रीना साहू उपस्थित थे।

## जीडी रूंगटा कॉलेज में कार्यक्रम

# अलर्ट एफडीपी का शुभारंभ, प्रदेशभर की फैकल्टीज और इंडस्ट्रीज को मिलेगी ट्रेनिंग




**भिलाई।** जीडी रूंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एआईसीटीई) अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरुआत हो गई। सर्वरलेस कंप्यूटिंग का इवोल्यूशनः फ़ंक्शन ऐज़ ए सर्विस से लेकर नेक्स्ट-जेन आर्किटेक्चर तक विषयक इसी एफडीपी में प्रदेशभर की इंडस्ट्रीज और कॉलेजों से चुनिंदा 50 लोगों को प्रतिभागी बनाया गया है। इस एफडीपी की समन्वयक डॉ. आराधना साहू और सह-समन्वयक डॉ. ज्योति उपाध्याय ने बताया कि इसमें प्रदेश के एक्सपर्ट्स प्रतिभागियों के साथ अपना नॉलेज शेयर करेंगे। इसमें सीएसवीटीयू के डॉ. रोहित मिरी, आईआईटी भिलाई के प्रोफेसर डॉ. अमित धर, साइंस कॉलेज दुर्ग से डॉ कुशवान्जली देखमुख, एसआईटी नागपुर से डॉ. भुपेश कुमार देवांगन शामिल हैं। प्रतिभागियों को सर्वरलेस कंप्यूटिंग, क्लाउड नेटिव आर्किटेक्चर, एआईएमएल, इंडस्ट्री एप्लीकेशन विथ केस स्टडीज की जानकारी मिलेगी। इस एफडीसी के तहत प्रतिभागियों को भिलाई स्थित सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग पार्क ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य तेजी से विकसित होती सर्वरलेस तकनीक, उसके ढांचे, और भविष्य की कम्प्यूटिंग आर्किटेक्चर को शिक्षकों तक पहुंचाना है। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए रूंगटा यूनिवर्सिटी के प्रो-वीसी डॉ. मनीष मनोरिया ने बताया कि फास जैसी उन्नत तकनीकों से आगे बढ़ते हुए सर्वरलेस कम्प्यूटिंग नई पीढ़ी के आर्किटेक्चर का निर्माण कर रही है। उन्होंने इस पर विशेषज्ञ विस्तृत मार्गदर्शन भी दिया। कार्यक्रम में जीडी रूंगटा कॉलेज की डायरेक्टर डॉ. नीमा एस बालन ने कहा कि इस प्रशिक्षण में प्रतिभागी न केवल आधुनिक कम्प्यूटिंग मॉडलों की अवधारणा से परिचित होंगे, बल्कि उद्योग में उनके व्यावहारिक उपयोग और चुनौतियों को भी समझ पाएंगे। कार्यक्रम में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. आशीष पनत, रजिस्ट्रार डॉ. एजाजुद्दीन, डॉ. आरके राठौर, डॉ. विजय लक्ष्मी घोष शामिल रहे।

## मॉडल टाऊन की उत्कल बस्ती में 15 को प्राण प्रतिष्ठा व भंडारे का होगा आयोजन

**कार्नर न्यूज**

**वार्ड पार्षद हरिओम तिवारी की अनोखी पहल की लोगों ने की सराहना**

# जर्जर मंदिर को मिला नया रूप, पार्षद ने स्वयं के वेतन से कराया निर्माण

**भिलाई।** मॉडल टाऊन के उडिया बस्ती में विगत कई सालों से लोग मंदिर निर्माण के प्रयास में थे। मंदिर बना भी जो बाद में खंडहर में तब्दिल हो गया। इस कारण यह जगह नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों का लेंबे समय तक अड्डा बना रहा। इस पर वार्ड पार्षद हरिओम तिवारी ने पहल करते हुए स्वयं के वेतन से लाखों रुपए खर्च कर बिना नगर निगम के सहयोग से एक भव्य मंदिर का निर्माण किराया है, जिसकी चर्चा दूर - दूर हो रही है।



### महाप्रसाद का वितरण और भगवान की महाआरती की जाएगी

उत्कल बस्ती मॉडल टाऊन में करीब 7 हजार स्वायर फीट एरिया में भव्य राधा-कृष्ण मंदिर का निर्माण किया गया है। 15 दिसंबर को मूर्ति स्थापना के लिए सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक प्राण प्रतिष्ठा, दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक भोग महाप्रसाद का वितरण और शाम 7 बजे भगवान की महाआरती की जाएगी।




### पार्षद ने 17 माह का लगाया वेतन

पार्षद हरिओम तिवारी ने बताया कि विगत 25 वर्षों से उत्कल बस्ती के लोग मंदिर निर्माण व मूर्ति स्थापना के लिए प्रयासरत थे। एक छोटा मंदिर बना जरूर था लेकिन मूर्ति स्थापना नहीं हो पाई। देखते ही देखते कुछ सालों में यह मंदिर जर्जर हो गया। इससे मंदिर परिसर में दिनभर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता था। वार्ड के लोग भी अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे थे। तिवारी ने बताया कि लोगों की मांग पर उन्होंने जर्जर पड़े इस मंदिर को एक नया स्वरूप देने का निर्णय लिया। उन्होंने तय किया कि कहीं से सहयोग मिले या ना मिले वे यहां मंदिर बनाकर ही दम लेंगे। मंदिर निर्माण के लिए सबसे ज्यादा जरूरी था फंड। पार्षद हरिओम तिवारी ने ज्यादा देर न करते हुए वे अपने 17 माह का वेतन लगातार इस जर्जर मंदिर को एक नया स्वरूप दिया। उन्होंने बताया कि 4 से 5 माह का वेतन और लगाएंगे। इस मंदिर के निर्माण में करीब 2 लाख रुपए खर्च हो चुके हैं। तिवारी ने बताया कि इस मंदिर के निर्माण में क्षेत्र के लोग भी शारीरिक व मानसिक सहयोग किया। इस मंदिर के चारों ओर सीसीटीवी लगाया गया है। आने वाले समय में पार्षद निधि से बच्चों के लिए झूले सहित और भी कई साधन लगाए जाएंगे। मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में काफी उत्साह है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### तारु सिंग फाउंडेशन की टीम का 6 विकेट से विजयी आगाज



**रायपुर।** शहीद भाई तारु सिंग फाउंडेशन की ओर से आयोजित 17 वीं एसपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत डब्ल्यूआरएस क्रिकेट मैदान में गुरुवार को खेले गए पहले मैच में गुरुगोविंद सिंह स्टडी सर्कल लुधियाना ने देहली खालसा वारियर्स को 5 विकेट से पराजित कर दिया। 22 रन की नॉट आउट पारी व 3 विकेट लेने वाले लुधियाना के हमीर को प्लेयर आफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच तारु सिंग फाउंडेशन रायपुर की टीम ने आसानी से 6 विकेट से जीत लिया। आज के मैच के गेस्ट छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के डायरेक्टर व समाजसेवी बलदेव सिंह (पप्पू) भाटिया व पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी नीता डुमरे ने खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त किया। श्री भाटिया ने कहा कि समाज के बीच युवा प्रतिभाओं को खेल के क्षेत्र में आगे लाने का यह आयोजन काफी सराहनीय हैं और अपने सत्रहवें सीजन तक तो अब यह राष्ट्रीय स्तर पर पहचान स्थापित कर चुका है।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी देहली खालसा वारियर्स के खिलाड़ी आज 100 का स्कोर भी नहीं बना पाये, पूरी टीम 17.2 ओवर खेलकर 99 रन पर आल आउट हो गई। प्रभुप्रीत ने 31 व अमरिंदर ने 18 रन बनाये। अतिरिक्त मिले 17 रनों का भी कुल स्कोर में महत्वपूर्ण योगदान रहा। लुधियाना की ओर से हमीर ने अच्छी गेंदबाजी की और 3 ओवर में 18 रन देकर 3 विकेट लिए। गुरुसेवक,जसविंदर व सरबजीत को 2-2 विकेट मिले। जवाबी पारी खेलने उतरी लुधियाना की टीम के बल्लेबाजों ने रुककर बल्लेबाजी की और 15.5 ओवर में ही 5 विकेट खोकर जीत के लिए आवश्यक रन बनाते हुए 102 रन का स्कोर कर लिया। 7 चौकों की मदद से सबसे ज्यादा 33 रन गगन विर्क ने बनाए। हमीर 22, परमिंदर ने 18 रन बनाए। इस टीम को भी 12 अतिरिक्त रन मिले। देहली की ओर से सबज गिल ने ही 23 रन देकर 3 विकेट लिए बाकी गेंदबाज प्रभाव नहीं डाल पाये। बग्गा को जरूर एक विकेट मिला।

दूसरा मैच खालसा क्रिकेट क्लब जम्मू व शहीद भाई तारुसिंग फाउंडेशन रायपुर टीम के बीच खेला गया। पहले खेलते हुए जम्मू की टीम ने 119 रन बनाये। दमनप्रीत ने 16 व गुरप्रीत ने 28 रन बनाए जबकि 27अतिरिक्त रन रहे। प्रकाशसिंग,वरुण व गुरुजोत ने 2-2 विकेट लिए। शहीद भाई तारुसिंग फाउंडेशन की टीम ने मात्र 13.2 ओवर खेलकर ही मैच जीत लिया। ओपनर राजवीरसिंग ने 18 गेंदों में 34 रन की शानदार पारी खेली जिसमें 5 चौके व 1 छक्का शामिल रहा। वरुण सिंग ने सबसे ज्यादा 44 रन (33 गेंद) बनाए। गगनदीप के 25 व अतिरिक्त के 13 रन भी कुल स्कोर में शामिल रहे। अगम ने 2 व पुषपिंदर व कमलप्रीत ने 1-1 विकेट लिए। इस मैच के बेस्ट प्लेयर वरुण सिंह रहे। खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन करने आज शहर के प्रबुद्धजन पूर्व महापौर एजाज ढेबर, अजीत कुकरेजा, मलकीत गैंदू, सुबोध हरितवाल, पंडरी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के लवली अरोरा, सतिंदर सिंग सानू, प्रभजोत सिंग लाडी, जसमीत खनूजा, रविराज सिंग, हरविंदर खनूजा भी उपस्थित रहे।

### अंडर-19 प्लेट ग्रुप में जारी है रोमांचक मुकाबले



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 19 प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे राउंड के पहले दिन रोमांचक मुकाबला हुआ। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम सरगुजा ने कोरबा के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी 78 रन बनाए और टीम आउट हो गई। बल्लेबाजी में कोरबा ने पहली पारी 9 विकेट पर 217 रन बनाए। साइंस कॉलेज राजनांदगांव में टीम दुर्ग के विरुद्ध कोरिया बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी 114 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में दुर्ग की टीम पहली पारी 166 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में कोरिया जिला ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 32 रन बनाए। राजहरा में टीम महासमुंद ने दंतेवाड़ा के विरुद्ध पहली पारी 55 रन बनाए और आउट हो गई। बल्लेबाजी में दंतेवाड़ा टीम पहली पारी में 190 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में महासमुंद ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 67 रन बनाए। धमतरी में बस्तर के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए रायपुर ब्लू ने पहली पारी 6 विकेट पर 288 रन बनाए। कवर्धा में कवर्धा के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए जशपुर टीम पहली पारी में 131 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में कवर्धा टीम पहली पारी में 159 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में जशपुर ने दूसरी पारी में बिना कोई विकेट को खोए 14 रन बनाए। न्यू ग्राउंड कांकेर में रायगढ़ के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए नारायणपुर टीम पहली पारी 200 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायगढ़ ने पहली पारी तीन विकेट पर 129 रन बनाए।

### भारत में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर चौंकाने वाले आंकड़े

# मानसिक परेशानियों से गुजर रहे लोगों को दीजिए एक सहारा, टेली मानस पर भी कर सकते हैं कॉल

आकंडों के मुताबिक भारत सरकार के मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नंबर पर हर दो मिनट में दो कॉल मदद मांगने के लिए आती है। जहां ये आंकड़े दर्शाते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूकता बढ़ी है, वहीं ये भी स्पष्ट है कि इतनी संख्या में लोग किसी न किसी प्रकार की मानसिक पीड़ा से ग्रसित है। जब भी स्वास्थ्य की बात आती है तो हम शारीरिक स्वास्थ्य पर खूब चर्चा करते हैं पर मानसिक स्वास्थ्य को जाने-अनजाने अनदेखा कर देते हैं। आज के समय में मानसिक स्वास्थ्य को एक गंभीर और बड़ी चुनौती के तौर पर उभरता हुआ देखा जा रहा है। हालांकि हाल के दशकों में, मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी है। स्ट्रेस-एंग्जायटी हो या अवसाद की समस्या, हर साल दुनिया भर में लाखों लोगों में इसका निदान किया जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ये गंभीर चुनौती बनती जा रही है क्योंकि कम उम्र के लोग, यहां तक कि 20 से भी कम आयु वालों को मेंटल हेल्थ की समस्याओं का शिकार पाया जा रहा है।

भारत में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता फैल रही है लेकिन इसके साथ एक कड़वी हकीकत भी सामने आ रही है,



जिससे पता चलता है कि मानसिक स्वास्थ्य में भारत की हालत पहले से कहीं ज्यादा नाजुक है। सरकार द्वारा संसद में पेश किए गए ताजा आंकड़े बताते हैं कि अक्तूबर 2022 से अब तक नेशनल टेली-मेंटल हेल्थ हेल्पलाइन (टेली मानस) पर लगभग 30 लाख कॉल आए हैं। सीधे शब्दों में कहें तो हर मिनट में लगभग दो लोग मदद मांगने के लिए फोन करते हैं। ये सिर्फ आंकड़े नहीं, ये उस भारी तनाव, अकेलेपन, एंग्जाइटी और अनकही पीड़ा का आईना हैं, जिसे लोग रोज झेल रहे हैं।

### भारत में मानसिक सेहत से संबंधित आंकड़े

राज्यसभा में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि 10 अक्टूबर 2022 को शुरू किए गए राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को आसान बनाना, हर भाषा में काउंसलिंग उपलब्ध कराना और लोगों को 24×7 मदद देना था।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नंबर 1800-89-14416 है। सरकार के मुताबिक, अब तक कुल 29,82,000 से अधिक कॉल आई हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक, हर मिनट औसतन दो कॉल मदद मांगने के लिए आती हैं। हेल्पलाइन पर 20 भाषाओं में सेवा



उपलब्ध है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि भारत में मानसिक तनाव बढ़ रहा है, भले ही लोग खुलकर मदद मांगने लगे हों। ये आंकड़े बताते हैं कि हमें मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य जितना गंभीरता से लेना होगा। समय पर बातचीत और काउंसलिंग जीवन बचा सकती है। परिवारों में संवाद बढ़ाने की जरूरत है। युवा पीढ़ी में भावनात्मक थकान बेहद आम है। स्कूल, कॉलेज और दफ्तर हर जगह मानसिक हाइजीन को महत्व देना होगा।



### इतने लोग क्यों कर रहे कॉल?

लोग इतनी तादाद में मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन पर कॉल कर रहे हैं, इसके पीछे कई कारण है।

### बढ़ती चिंता और तनाव

काम का दबाव, अनिश्चित भविष्य और आर्थिक चुनौतियां, ये सब मानसिक सेहत को गहरी चोट पहुंचा रहे हैं।

### सोशल मीडिया का दबाव

तुलना, कुछ छूट जाने का डर और डिजिटल हूबहूपन ने दिमाग को थका दिया है। सोशल मीडिया के दबाव से ग्रसित लोग मानसिक शांति के लिए मदद तलाश रहे हैं।

### रिश्तों और परिवार में दूरी

व्यस्तता या अन्य कारणों से लोग अपने परिवार और रिश्तों से दूर हो रहे हैं। भावनात्मक रूप से अकेले पड़ रहे लोग तनाव का शिकार हो रहे हैं।

## साइबर फ्रॉड का शिकार होने से बचें, मिल सकते हैं पैसे वापस



आपको एक खास नंबर के बारे में जरूरी जानकारी होनी चाहिए। अगर आप साइबर फ्रॉड के शिकार हो गए हैं तो इस नंबर पर कॉल कर सकते हैं। आप जितनी जल्दी इस नंबर पर कॉल करेंगे उतनी जल्दी आपको पैसे वापस मिलने की संभावना बढ़ जाएगी।

वर्तमान समय में डिजिटल लेन-देन के बढ़ते दौर में साइबर ठगी के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। बीते वर्षों में देश के कई राज्यों से ऐसी शिकायतें सामने आई हैं, जहां जालसाजों ने मोबाइल कॉल, फिशिंग लिंक या नकली कस्टमर केयर के नाम पर लोगों के बैंक खाते से पैसे निकाले हैं। इस तरह के साइबर फ्रॉड का शिकार होने पर कई बार लोग घबराहट में तुरंत बैंक या पुलिस को सूचना नहीं दे पाते।

इस कारण ठगों को पैसे दूसरे खातों में भेजने का मौका मिल जाता है। इस तरह की घटनाओं को देखते हुए भारत सरकार ने साइबर ठगी से निपटने के लिए एक खास तरह का हेल्पलाइन नंबर 1930 जारी कर रखा है। इस नंबर पर कॉल करके आप तुरंत अपने साथ हुए साइबर फ्रॉड की शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

यह हेल्पलाइन नंबर 24×7 चालू रहता है। इस नंबर पर शिकायत किए जाने के बाद संबंधित बैंक से लेन-देनको रोकने का प्रयास किया जाता है। अगर फ्रॉड होने के शुरुआती कुछ मिनटों में ही शिकायत दर्ज करा दी जाए तो ठगी की गई राशि के वापस मिलने की संभावना काफी बढ़ जाती है।

साइबर फ्रॉड के ऐसे कई मामले सामने आते हैं, जहां जालसाज कभी बैंक अधिकारी बनकर ओटीपी मांगते हैं, तो कभी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के नाम पर रिफंड का लालच देकर लिंक भेजते हैं। कई बार लोग इस तरह झांसे में फंस जाते हैं और अपने जीवनभर की कमाई गवां देते हैं।

आपको किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या लिंक पर भरोसा नहीं करना चाहिए। बैंक कभी भी फोन करके आपसे ओटीपी या पासवर्ड की मांग नहीं करता है। अगर कोई कॉल पर ओटीपी मांग रहा है तो सावधान हो जाइए यह जालसाज हो सकता है।

सरकार व साइबर सेल लगातार जागरूकता अभियान चलाते रहते हैं, ताकि लोग जालसाजों के इन ठगी के तरीकों को समझ सकें। कई अधिकारियों का यह कहना है कि साइबर फ्रॉड के होने पर आप जितनी जल्दी शिकायत दर्ज कराते हैं उतनी ही अधिक संभवाना पैसों के वापस मिलने की होती है।

## इस मौसम में बनाकर तैयार करें बाजरे के आटे की कुकीज



बाजरा सर्दी के मौसम में शरीर को गर्म रखने के साथ-साथ ऊर्जा भी देता है। बाजरा की कुकीज न केवल कुरकुरी और स्वादिष्ट होती हैं, बल्कि पोषक तत्वों से भरपूर भी होती हैं। इन्हें बच्चे से लेकर बड़े सभी पसंद करते हैं और खास बात यह है कि ये घर पर बहुत आसानी से बन जाती हैं। जिसे आप कभी भी चाय या नाश्ते के साथ परोस सकते हैं।


बाजरा की कुकीज बनाना काफी आसान है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले तो एक बर्तन में बाजरा का आटा, इलायची पाउडर और नमक मिलाएं। इसके बाद दूसरी ओर एक छोटे पैन में घी और कद्दूकस किया हुआ गुड़ हल्का गर्म करें ताकि गुड़ घुल जाए।

इस मिश्रण को आटे में डालकर अच्छी तरह मिलाएं। जरूरत के अनुसार थोड़ा दूध डालकर मुलायम आटा तैयार करें। अब आटे की छोटी-छोटी गोलियां बनाएं और हल्का चपटा करके कुकीज का आकार दें। इन्हें बेकिंग ट्रे पर रखें और पहले से गर्म किए हुए ओवन में लगभग 12 से 15 मिनट तक बेक करें। ध्यान रखें कि ओवन का प्रीहीट होना बेहद जरूरी है, वरना कुकीज खराब हो जाएंगी। बेक होते समय हल्की खुशबू आने लगेगी। कुकीज सुनहरी होने के बाद निकालकर ठंडा होने दें। आपकी पौष्टिक और स्वादिष्ट बाजरा कुकीज तैयार हैं। अब इसे स्टोर करके रख लें।



## सर्दियों में बच्चों को बीमार होने से बचाएं और बढ़ाएं इम्युनिटी

सर्दी का मौसम आ गया है। पिछली सर्दी में आपका बच्चा बीमार पड़ गया था और अब फिर उसे खांसने-छींकने की शिकायत होने लगी है। चिकित्सक कहते हैं कि ऐसे में आपको विशेष सावधानी बरतनी होगी। सर्दी का मौसम शुरू होते ही घर में गूंजती एक छोटी-सी छींक भी माता-पिता के दिल की धड़कनें तेज कर देती है। बच्चों की नाजुक त्वचा, सूखते होंठ और बांह मोड़कर ठंड से बचने की कोशिश, ये सब माता-पिता को परेशान करती हैं। वहीं सर्दियों में बच्चों को सर्दी-जुकाम, कान का दर्द, खांसी और हल्का बुखार जल्दी घेर लेते हैं और तब मन में एक-एक करके चिंताएं जन्म लेती हैं- क्या बच्चे का इम्यून सिस्टम कमजोर है? क्या मैंने उसे पर्याप्त गरम कपड़े नहीं पहनाए? क्या बाहर खेलने से उसे ठंड लग गई? माता-पिता का इस स्थिति में चिंतित होना स्वाभाविक है। डॉक्टरों के अनुसार, बच्चे अगर कभी-कभार बीमार पड़ें तो यह उनकी इम्यूनिटी को मजबूत बनाने की सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन बार-बार बीमारी पड़ें तो आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। थोड़ी-सी समझदारी, सही देखभाल और मौसम के मुताबिक बदलाव बच्चे को ठंड से



बचाकर उसकी प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाते हैं। फिर मौसम चाहे जितना भी ठिठुरन भरा हो, आपका बच्चा खुश, सक्रिय और पूरी तरह से स्वस्थ रहता है।

### हर बार बीमार क्यों

बाल रोग विशेषज्ञों का कहना है कि कम तापमान और शीत लहर सीधे तौर पर बच्चों में संक्रमण का कारण नहीं बनते हैं। ये दोनों कारक ऐसी परिस्थितियां पैदा करते हैं, जो बच्चों में स्वास्थ्य जोखिम को बढ़ा देते हैं। ठंड के महीने में बच्चे घर या बंद स्थान के अंदर ज्यादा समय बिताते हैं। ऐसे में स्कूल, घर या फिर डे-केयर में उनके दूसरे बच्चों में पनप रहे जर्म्स यानी कीटाणुओं के संपर्क में आने की आशंका बढ़ जाती है। दूसरी ओर बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली विकसित हो रही होती है। वे आम बीमारियों का कारण बनने वाले ज्यादातर वायरस के संपर्क में नहीं आए होते हैं। इसलिए वे वयस्कों की तुलना में ज्यादा बार बीमार पड़ते हैं।

वहीं ठंडी और ड्राई हवा नाक के म्यूकस मेम्ब्रेन को सुखा देती है। म्यूकस मेम्ब्रेन रोगाणुओं से शरीर की रक्षा करने में अहम भूमिका निभाता है। कुछ वायरस, जैसे-फ्लू वायरस ठंडे मौसम में शरीर में लंबे समय तक स्थिर बने रह सकते हैं। साथ ही छोटे बच्चे अपने हाथ को अक्सर मुंह और नाक के पास ले जाते हैं, जिनसे संक्रमित होने की आशंका बनी रहती है।

### कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली

सर्दियों में बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है। इसके कई कारण हैं। असल में ठंडी और शुष्क हवा वायरस के फैलने के लिए अनुकूल माहौल बनाती है, जिससे बच्चे जल्दी संक्रमित हो जाते हैं। इस मौसम में धूप कम मिलती है, जिससे विटामिन डी का स्तर घटने लगता है और इम्यूनिटी कमजोर पड़ती है। वहीं ठंड के कारण शारीरिक गतिविधियां कम हो जाती हैं, जिसका असर प्रतिरक्षा प्रणाली पर पड़ता है। ये सभी कारक सर्दियों में बच्चों को संक्रमण के प्रति अधिक संवेदनशील बना देते हैं।



कार्नर न्यूज

### कमरे को गर्म रखने के आसान तरीके जरूर अपनाएं

# घर पर रूम हीटर नहीं तो कोई बात नहीं, इस सर्दी में छोटे-छोटे उपाय आएंगे आपके काम

सर्दी के मौसम में लोग कमरे को गर्म तो रखना चाहते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि बिना रूम हीटर के भी कमरे को गर्म किया जा सकता है? सर्दियों का मौसम चल रहा है और अब धीरे-धीरे ठंड पिछले दिनों के मुकाबले बढ़ने लगी है। भले ही दिन में धूप हो, लेकिन हवाएं ठंडी हैं और पहाड़ों पर बर्फबारी भी हो रही है। ऐसे में लोग गर्म कपड़े पहन रहे हैं।

पंखों और एसी की जगह अब रूम हीटर और कंबल ले चुके हैं। हालांकि, हर किसी के पास रूम हीटर हो ये जरूरी नहीं। पर फिर भी लोग तो चाहते ही हैं कि उनका कमरा गर्म रहे। ऐसे में अगर आपके पास भी रूम हीटर नहीं है, तो आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि आप कुछ घरेलू तरीके अपनाकर भी कमरे को गर्म रख सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इसका तरीका क्या है। अगली स्लाइड्स में आप इस बारे में जान सकते हैं...

**इन चीजों से रख सकते हैं कमरे को गर्म:-**

### पहला तरीका

आपको सबसे पहले तो ये करना है कि खिड़कियों और दरवाजों पर मोटे



पर्दे लगा लें। ये ठंडी हवा को घर के अंदर आने से रोकने में मदद कर सकते हैं। दरवाजे के नीचे से और खिड़कियों में से ठंडी हवा अंदर आती है। इसलिए इन्हें किसी पुराने कपड़ों से बंद कर सकते हैं। जो आपके कमरे को गर्म करने में मदद कर सकती है।

### दूसरा तरीका

अगर आपके कमरे में रूम हीटर नहीं है या आपको रूम हीटर चलाकर नहीं सोना है, तो आप एक काम कर सकते हैं जिससे आपका कमरा गर्म रहने में मदद मिल सकती है। आपको गर्म पानी की बोतल/बैग भरकर अपने बिस्तर में रख लेनी है। इससे आपका बिस्तर लंबे समय तक गर्म रह सकता है और ये आपको एक अच्छी नींद देने में भी मदद कर सकता है।



### तीसरा तरीका

सर्दियों में लोग लकड़ियां भी जलाते हैं और आग तापते हैं। आपको इसमें करना ये है कि पहले घर के बाहर आग ताप लें और जब ये लकड़ियां जलकर आंच बन जाए, तो फिर आपको इन्हें अपने कमरे में ले आना है। इससे आपका कमरा गर्म हो सकता है।

### चौथा तरीका

सर्दी के मौसम में जब हम फर्श पर चलते हैं, तो ठंडा रहता है और इससे कमरे के तापमान में भी फर्क पड़ता है। इसलिए फर्श पर मोटे कालीन बिछाकर ठंड को कम किया जा सकता है। इसके अलावा आप मोटे कंबल या थर्मल बेडशीट का इस्तेमाल कर सकते हैं, जो शरीर की गर्मी को बनाए रखने में मदद कर सकता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## हार्बर ने ब्राउन के साथ की बदसलूकी, अभिनेत्री ने आरोपों पर अब तोड़ी चुप्पी




'स्ट्रेंजर्स थिंग्स' के नए सीजन की रिलीज से ठीक पहले अभिनेत्री मिली बॉबी ब्राउन और उनके को-स्टार डेविड हार्बर को लेकर एक विवाद ने अचानक सुर्खियां बटोर ली थीं। सोशल मीडिया और विदेशी मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि मिली ने हार्बर पर सेट पर बदसलूकी और दबाव बनाने जैसे आरोप लगाए थे। हालांकि सीरीज की प्रीमियर नाइट पर दोनों को साथ देखा गया, मुस्कुराते हुए फोटो देते हुए। वहीं अब मिली बॉबी ब्राउन ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है और इस रिश्ते पर खुलकर बात की है। लॉस एंजेलिस में पिछले दिनों 'स्ट्रेंजर्स थिंग्स 5' के वर्ल्ड प्रीमियर के दौरान मिली और हार्बर एक-दूसरे के साथ बेहद सहज नजर आए। इसने फैंस को हैरान कर दिया, क्योंकि कुछ दिन पहले ही एक टैब्लॉयड रिपोर्ट में दावा किया गया था कि मिली ने शो के फाइनल सीजन की शूटिंग शुरू होने से पहले हार्बर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इन आरोपों पर नेटफ्लिक्स ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, लेकिन खबरों में दावा किया गया कि जांच कई महीनों तक चली और मिली को कथित तौर पर सेट पर एक प्रतिनिधि के साथ आना पड़ा।

इसके बाद जब उनसे पूछा गया कि ऐसी अफवाहों के बीच उन्होंने हार्बर के साथ एकजुट होकर क्यों खड़ा होना जरूरी समझा, तो अभिनेत्री ने बेहद साफ शब्दों में कहा कि उनका रिश्ता हमेशा से मजबूत रहा है। मिली के अनुसार, 'हम पिछले दस साल से यही कर रहे हैं। हम इस शो को दिल से प्यार करते हैं और अपनी दोस्ती को सबसे ऊपर रखते हैं।' उनकी बातों से साफ था कि पर्दे के पीछे कैसी भी चर्चाएं हों, लेकिन उनके और हार्बर के बीच दोस्ती की डोर कमजोर नहीं हुई।

### टॉलीवुड

## खून भरे बाथटब में यश, दीवाने फैंस बोले- ये पोस्टर नहीं वॉर्निंग



पैन इंडिया सुपरस्टायर यश की अगली फिल्मं 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' की रिलीज का 100 दिनों का काउंटडाउन शुरू हो गया है। एक नए पोस्टर में यश खून भरे बाथटब में बैठे हुए हैं। फैंस इसे देखने के बाद 'धुरंधर पार्ट 2' को रिलीज डेट बदलने की सलाह दे रहे हैं। केजीएफ चैप्टर 2 के बाद यश की पहली फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' की रिलीज में अब ठीक 100 दिन बचे हैं। मेकर्स ने यश का एक शानदार नया पोस्टर शेयर किया है, जिसे देख इंटरनेट की दुनिया दीवानी हो गई है। कॉमेंट्स की बाढ़ आ गई है। क्रेजी फैंस कह रहे हैं कि ये 'पोस्टर नहीं, वॉर्निंग है।' यह फिल्म. मूल रूप से कन्नड़ में बनी है, जबकि इसे साथ के साथ इंग्लिश में भी शूट किया गया है। 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' 19 मार्च 2026 को पैन इंडिया, हिंदी, तेलुगू, तमिल, मलयालम के साथ दूसरी भाषाओं में डब वर्जन में भी ईद और गुड़ी पड़वा के मौके पर रिलीज होगी। त्यौहार के साथ 'रॉकी भाई' के दीवानों को गैंगस्टर ड्रामा में एक्शन का ओवरडोज मिलने वाला है। फिल्म में यश के साथ 5 सुपरस्टार हीरोइनें हैं। मजेदार बात ये है कि रणवीर सिंह की 'धुरंधर' के मेकर्स ने 'धुरंधर पार्ट 2' के लिए भी 19 मार्च 2026 की रिलीज डेट ही तय की है। यानी बॉक्स ऑफिस पर महाक्लैश होने वाला है।'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' की रिलीज के लिए 100 दिनों का काउंटडान शुरू करते हुए खुद यश ने भी यह पोस्टर शेयर किया है। इसमें वह खून से लथपथ बाथटब में आराम फरमाते दिख रहे हैं। उनकी मस्कुलर बॉडी पर टैटू हैं। सामने बालकनी से रोशनी आ रही है। हालांकि, उनका चेहरा छिपा हुआ है, जिससे फैंस की दिलचस्पी और बढ़ गई है।

### भोजपुरी

## काजल की फिल्म 'मैं कौन हूं' दर्शकों से हुई रूबरू, पसंद आ रही अदाएं



एक्ट्रेस काजल राघवानी की नई फिल्म 'मैं कौन हूं' अब सीधे यूट्यूब पर रिलीज की गई है। इसकी जानकारी एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर दी है और सभी से देखने की अपील की है। अदाकारा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया, जिसके साथ उन्होंने लिखा, 'फिल्म मैं कौन हूं को जरूर देखें और शेयर करें। हमेशा आशीर्वाद और साथ देते रहें।' फिल्म के निर्देशक-लेखक मृत्युंजय श्रीवास्तव हैं। इसके निर्माता देवांश इंटरप्राइज हैं। इसके सिनेमैटोग्राफर नित्यानंद त्रिपाठी हैं और संजय कोर्बे और उधारी यादव ने कोरियोग्राफी की है। फिल्म में काजल राघवानी, आनंद चतुर्वेदी, संजय पाण्डेय, देव सिंह, संयुक्ता रॉय, सोनिया मिश्रा, विद्या सिंह, राजेश तोमर, सीपी भट्ट, सोनू पाण्डेय, बीना पाण्डेय, निधि सिंह, मनोज सिंह, बबलू खान और अशोक गुप्ता जैसे कलाकार शामिल हैं। एक्शन-ड्रामा फिल्म 'मैं कौन हूं' में एक्ट्रेस के साथ आनंद चतुर्वेदी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में दर्शकों को रोमांच, सस्पेंस, इमोशन के साथ आध्यात्मिक ऊर्जा देखने को मिलेगी। मेकर्स ने पहले ही फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया था। 3 मिनट 30 सेकेंड के ट्रेलर में आनंद चतुर्वेदी रघु नामक लड़के के किरदार में दिखे। इसमें दिखाया गया है कि वह पहले प्यार में डूबा रहता है, लेकिन विश्वासघात, षड्यंत्र और दर्द उसे भगवान महाकाल की शरण में ले आते हैं। जब खलनायक उसे मिटाने की कोशिश करता है, तभी उसके भीतर दबी आध्यात्मिक शक्तियां जागती हैं।

### मेन्स फ़ैशन की बारी

लाइफ स्टाइल



पेरिस का मेन्स फ़ैशन वीक एलीट मेन्सवियर की दुनिया में इनोवेशन और रिफाइनमेंट का एक अहम पल था। जिसमें फ्रांस की राजधानी ने एक बार फिर खुद को हाई-एंड फ़ैशन का सबसे बड़ा सेंटर बताया। इस इवेंट से लगभग 1.2 बिलियन डालर का व्यवसाय हुआ और लगभग 30,000 इंटरनेशनल विज़िटर आए। मशहूर पैलेस डे टोक्यो में हुए इस इवेंट में 70 से ज़्यादा जाने-माने फ़ैशन हाउस की भागीदारी रही।

## ऊनी कपड़े पहनने से त्वचा पर हो रही खुजली तो उठाएं जरूरी कदम

सर्दियों में ठंड से बचने के लिए ऊनी कपड़े पहनना जरूरी होता है, लेकिन कई लोगों को इन्हें पहनते ही त्वचा में खुजली, जलन या लालपन होने लगता है। खासकर संवेदनशील त्वचा वाले लोगों को ये समस्या ज्यादा परेशान करती है। ऊन के रेशे अक्सर त्वचा की ऊपरी सतह पर रगड़ पैदा करते हैं, जिसके कारण सूखापन बढ़ता है और खुजली होने लगती है। कई बार लोग इसे एलर्जी समझ लेते हैं, जबकि ये सामान्य प्रतिक्रिया भी हो सकती है। यदि सही देखभाल और सरल घरेलू उपाय अपनाए जाएं, तो इस समस्या से आसानी से छुटकारा पाया जा सकता है। आज हम आपको कुछ ऐसे सरल उपाय बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप ऊनी कपड़ों से होने वाली खुजली को कम कर सकते हैं और सर्दी के मौसम का आराम से आनंद ले सकते हैं।



### सूती कपड़ों की लेयर पहनें

ऊन के सीधे संपर्क से त्वचा में खुजली होना आम समस्या है। इसका सबसे सरल उपाय यह है कि ऊनी स्वेटर या शर्ट पहनने से पहले त्वचा पर पतली कॉटन की बनियान या टी-शर्ट पहनें। कॉटन एक नरम परत का काम करता है, जो ऊन के खुरदरे रेशों और त्वचा के बीच एक अंतराल बनाता है। इससे ऊन त्वचा को सीधा नहीं रगड़ेगा और खुजली काफी कम हो जाएगी। खासकर संवेदनशील त्वचा वाले लोग इस उपाय को अपनाकर आराम महसूस कर सकते हैं।

### त्वचा को मॉइश्चराइज रखें

सूखी त्वचा पर खुजली अधिक होती है। सर्दियों में त्वचा का प्राकृतिक नमी स्तर कम हो जाता है, जिससे ऊनी कपड़े और अधिक रगड़ पैदा करते हैं। नहाने के बाद त्वचा को अच्छे मॉइश्चराइज़र, तेल या क्रीम से पर्याप्त रूप से नमी देना जरूरी है। मॉइश्चराइज करने से त्वचा की सतह मुलायम रहती है और ऊनी कपड़े से होने वाली जलन या खुजली कम हो जाती है। इस उपाय को रोज़ाना अपनाना सबसे असरदार होता है।

## नई शादी हुई है तो घर पर ऐसे हों तैयार, ससुरालवाले उतारेंगे नजर





नयी शादी के बाद हर लड़की चाहती है कि वो अपने नये घर यानी कि ससुराल में भी खूबसूरत और सुलझे हुए अंदाज में नजर आए। शादी के तुरंत बाद जिम्मेदारियों और नए माहौल के बीच खुद को तैयार करना कई बार मुश्किल लग सकता है, लेकिन सही स्टाइल और सही आउटफिट्स चुनकर ये काम बेहद आसान हो जाता है। आपको ये समझने की जरूरत है कि नयी दुल्हन का लुक बहुत ज्यादा भारी नहीं होना चाहिए, बल्कि ऐसा होना चाहिए जो आरामदायक हो, फिर भी सोबर और ग्लोइंग दिखे। ऐसे में आज हम आपको बता रहे हैं कि नई शादी के बाद घर पर कैसे तैयार हों, जिससे आपकी खूबसूरती भी निखरे और आपका कम्फर्ट भी बना रहे। ये टिप्स हर मौसम और हर फैमिली फंक्शन के लिए परफेक्ट हैं।

### हल्के और आरामदायक कपड़े चुनें

नई शादी के बाद घर पर तैयार होते समय ऐसे कपड़े पहनें जो देखने में खूबसूरत होने के साथ-साथ आरामदायक भी हों। सूती सूट, हल्की साड़ी या कुर्ती-पलाज़ो जैसे आउटफिट पूरे दिन पहनने में आसान होते हैं और आपको एक एलीगेंट लुक भी देते हैं।

### सिंपल मेकअप करें

घर पर रहते हुए हल्का मेकअप ही सबसे सही विकल्प होता है। बीबी क्रीम लगाने से त्वचा को नेचुरल फिनिश मिलता है। इसके साथ काजल, हल्का ब्लश और लिप टिंट आपका लुक ताजा और सुंदर बनाते हैं। भारी फाउंडेशन या ओवरडन मेकअप घर के लिए सही नहीं लगता।

### स्मार्ट हेयरस्टाइल अपनाएं

हेयरस्टाइल बहुत भारी न रखते हुए सरल विकल्प चुनें। सिंपल ब्रेड, लो बन या हल्के वेवी ओपन हेयर घर पर जल्दी बनने वाले और खूबसूरत दिखने वाले स्टाइल हैं। ये आपके चेहरे को फ्रेश और सॉफ्ट लुक देते हैं।

### हल्की ज्वेलरी पहनें


नई दुल्हन के रूप में घर पर ज्वेलरी बहुत भारी नहीं होनी चाहिए। छोटे झुमके, सिंपल चूड़ियां और हल्की बिंदी आपके लुक को सोबर बनाती हैं। भारी मांग टीका या बड़े कानों के झुमके घर के कामों में असहज कर सकते हैं।

### फ्रेश लुक के लिए स्किनकेयर

अच्छा स्किनकेयर आपकी खूबसूरती को बिना मेकअप भी उभार देता है। चेहरे पर मॉइस्चराइजर और सनस्क्रीन लगाना जरूरी है, जिससे त्वचा ग्लोइंग बनी रहे और डलनेस दिखाई न दे।

## रूखे हो रहे हैं बाल तो अपनाएं प्रोटीन से भरपूर हेयर मास्क

सर्दी के मौसम में बाल काफी रूखे हो जाते हैं, ऐसे में आपको ऐसे हेयर मास्क के बारे में जानना चाहिए, जो आपके बेहद काम का है। अगर आप भी ऐसी समस्या से परेशान हैं, तो आपको प्रोटीन से भरपूर हेयर मास्क अपनाना चाहिए। प्रोटीन बालों की जड़ों को मजबूती देता है और बालों की बाहरी परत को मजबूत करके उन्हें मुलायम और रेशमी बनाता है। नियमित रूप से इस मास्क का इस्तेमाल करने से बालों की चमक, मोटाई और लचीलापन बढ़ता है। प्राकृतिक सामग्री से बने ये मास्क बालों को नुकसान पहुंचाए बिना उन्हें पोषण देता है। आइए जानें, कैसे प्रोटीन युक्त हेयर मास्क आपके बालों को बना सकते हैं बिल्कुल सिल्की और हेल्दी।



### इस्तेमाल का तरीका

अंडा और दही का मास्क बनाने के लिए एक अंडा और दो बड़े चम्मच दही को अच्छी तरह फेंटकर स्मूद मिश्रण तैयार करें। बालों को हल्का गीला करें और इस मिश्रण को जड़ों से लेकर सिरों तक लगाएं। इसे 20–30 मिनट तक बालों में छोड़ दें। धोने के लिए हमेशा ठंडा या हल्का गुनगुना पानी इस्तेमाल करें, क्योंकि गर्म पानी से अंडा पक सकता है और बालों में जमा हो सकता है। इसके बाद हल्के शैम्पू से बाल धो लें। हफ्ते में 1–2 बार इसका इस्तेमाल पर्याप्त है।


### ये हैं फायदे

इस मास्क के नियमित उपयोग से बालों को गहरा पोषण मिलता है और रूखापन कम होता है। अंडे में मौजूद प्रोटीन बालों की जड़ों को मजबूत बनाता है, जबकि दही बालों की नमी बनाए रखता है।

## नेल पॉलिश जल्दी छूट जाती है तो याद रखें टिप्स

नेल पॉलिश लगाते ही अगर वो जल्दी छूट जाए या सिर्फ एक-दो दिन में फीकी पड़ जाए, तो इससे लुक पूरी तरह से खराब हो जाता है। खासकर तब जब हम किसी खास मौके या रोजमर्रा की लुक को परफेक्ट बनाने के लिए नेल पॉलिश का इस्तेमाल करते हैं।

कई बार नेल पॉलिश की कम क्वालिटी, गलत तरीके से अप्लाई करना या नाखूनों की सही केयर न करना इसकी वजह बन जाता है। लेकिन अच्छी बात यह है कि कुछ आसान टिप्स अपनाकर नेल पॉलिश को लंबे समय तक टिकाया जा सकता है। आपको जानना चाहिए कि आखिर नेल पॉलिश जल्दी क्यों छूटती है, क्या गलतियां आमतौर पर लोग करते हैं और कैसे कुछ छोटे-छोटे उपाय अपनाकर नेल पॉलिश को 7–10 दिन तक सुंदर और चमकदार बनाए रखा जा सकता है।



### नाखूनों की अच्छी तरह सफाई करें

नेल पॉलिश लगाने से पहले नाखूनों की सतह पूरी तरह साफ होनी चाहिए। साबुन-पानी या नेल पॉलिश रिमूवर से नाखूनों पर जमी ऑयल, धूल और क्रीम का अवशेष हटा दें। इससे पॉलिश नाखूनों पर बेहतर तरीके से टिकती है।

### बेस कोट का इस्तेमाल जरूरी है

अधिकतर लोग बेस कोट को नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि यही पॉलिश को नाखूनों पर मजबूत पकड़ बनाता है। बेस कोट पॉलिश को ज्यादा समय तक टिकने में मदद करता है और नाखूनों को दाग-धब्बों से भी बचाता है।

### पतली लेयर में नेल पॉलिश लगाएं

एक बार में मोटी परत लगाने से पॉलिश जल्दी क्रैक हो जाती है। इसलिए दो से तीन पतली कोट लगाएं। पतली लेयर जल्दी सूखती है और ज्यादा टिकाऊ होती है।

### टॉप कोट लगाना न भूलें

टॉप कोट नेल पॉलिश को ग्लॉसी फिनिश देने के साथ उसकी लाइफ भी बढ़ाता है। ये नेल पॉलिश को चिपकने, फीकी पड़ने या टूटने से बचाता है।

कार्नर न्यूज

### शादियों के मौसम में अपनी शापिंग में रखें खास ध्यान

## वेडिंग सूट में दिखना है हैंडसम दूल्हा तो शॉपिंग के समय इन टिप्स को रखिए याद, बढ़ जाएगी रौनक

शादी करने जा रहे हैं और वेडिंग सूट खरीदना है तो यूंहीं खरीदारी करने से बचिएगा। क्योंकि यूंहीं की गई खरीदारी आपकी जेब पर भेल ही भारी न पड़ी हो लेकिन आपके लुक्स पर जरूर भारी पड़ जाएगी। शादी के लिए सूट लें तो कुछ बातों को जरूर याद रखें। ये वो बातें हैं जिनके बिना आपका लुक पर्फेक्ट आ ही नहीं पाएगा। इसका नतीजा होगा शादी के दिन ही आपका बिगड़ा हुआ लुक। इसलिए शादी से पहले सूट खरीदने जाएं तो इन पांच बातों को जरूर ध्यान रखें-

### वेन्यू और टाइम के साथ हो मैच

सूट खरीदते हुए जरूर आप इसके लुक पर ध्यान देंगे। लेकिन वेन्यू और टाइम को ध्यान में रखना भी जरूरी है। अगर आपकी शादी रात की है तो आपको हल्के रंग का सूट लेना होगा। लेकिन वेन्यू इंडोर है तो सूट डार्क कलर का होना चाहिए। रात में वेन्यू आउटडोर होने पर भी हलके रंग का सूट ही चुनें।

### बॉडी टाइप है जरूरी

शादी के लिए सूट को बॉडी टाइप के हिसाब से भी खरीदा जा सकता है। याद रखिए हर किसी की बॉडी दूसरे से अलग होती है। इसलिए वजन ज्यादा होने पर या बहुत दुबले होने पर सूट सोच-समझकर खरीदें। दुबले हैं तो कई सारे पैटर्न आप पर अच्छे लगेंगे लेकिन मोटे हैं तो आपको फिटेड सूट ही खरीदना चाहिए।



### बिजनेस सूट को भूल जाइए

शादी के लिए सूट खरीद रहे हैं तो सबसे पहले तो अपने बिजनेस सूट का पैटर्न भूल जाइए। उसके हिसाब से सूट बिल्कुल न खरीदिए। आपको लेपल और पॉकेट की डिटेल्स पर भी ध्यान देना होगा।

### एसेसरीज भी हैं जरूरी

शादी के सूट के साथ एसेसरीज होना भी जरूरी है। इसलिए सिर्फ सूट पर इंवेस्टमेंट बिलकुल न करें। बल्कि इसकी एसेसरीज भी जरूर खरीदें। बो टाई, कफ लिंक्स, टाई आदि भी खरीदें। सूट के साथ अच्छी लगने वाली एसेसरीज खरीदी जा सकती है।

### दो कलर वाला टू पीस सूट

टू पीस सूट को शादी के लिए बेस्ट माना जाता है। आप भी इसे चुन सकते हैं। लेकिन आप रंगों में कुछ प्रयोग कर सकते हैं। जैसे आप चाहें तो टू कलर टोन में ये वाला सूट ले सकते हैं। इनर वियर को हाईलाइट करने के लिए आप अंदर का कलर ऐसा लें जो दूर से ही दिख जाए। इससे बाहर के सूट की डिटेलिंग भी पता चल जाएगी।

